अति महत्वपूर्ण

प्रेषक

लोक सूचना अधिकारी,
चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
उत्तराखण्ड,देहरादून।

सेवा में,

डॉ0 कुलदीप मर्तोलिया,
सहायक निदेशक–आई.टी.सेल,
चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग,उत्तराखण्ड़, देहरादून।

संख्या–21प/सू0अ0/सामान्य/2022/16223

देहरादूनः दि0–07.07.2022

विषयः–सूचना का अधिकार अधि0, 2005 के अन्तर्गत धारा 4(1)(ख) के अन्तर्गत मैनुअल अद्यतन किये जाने के संबंध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि माननीय उत्तराखण्ड सूचना आयोग द्वारा निर्देशित किया गया है कि स्वास्थ्य महानिदेशालय के अधीनस्थ समस्त कार्यालयो/इकाईयों के द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत धारा 4(1)(ख) के अन्तर्गत मैनुअल अद्यतन कर विभागीय वैबसाईट पर प्रर्दशित करना सुनिश्चित करें।

अतः माननीय आयोग द्वारा दिये गये निर्देशो के कम में प्राप्त करायी जा रही अद्यतन सूचना को विभागीय वेबसाईट पर धारा 4(1)(ख) के अंतर्गत अपलोड़ करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(डा0 नरेश सिंह नपलच्याल)
लोक सूचना अधिकारी–केन्द्रीय प्रकोष्ठ

Scanned by Scanner Go

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत घोषित सूचनाओं की दिग्दर्शिका

चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग

महानिदेशक, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याणदेहरादून (उत्तराखण्ड)
पो0 ओ0 गुजराडा, डांडा लाखौन्ड, सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून।
ई–मेल–**piodgmhuk@gmail.com**, दूरभाष– 0135–2608763

उत्तराखण्ड राज्य

एक परिचय

उत्तराखण्ड (पूर्व नाम उत्तरांचल), उत्तर भारत में स्थित एक राज्य है जिसका निर्माण ९ नवम्बर २००० को कई वर्षों के आन्दोलन के पश्चात भारत गणराज्य के सत्ताइसवें राज्य के रूप में किया गया था। सन २००० से २००६ तक यह उत्तरांचल के नाम से जाना जाता था। जनवरी २००७ में स्थानीय लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए राज्य का आधिकारिक नाम बदलकर उत्तराखण्ड कर दिया गया। राज्य की सीमाएँ उत्तर में तिब्बत और पूर्व में नेपाल से लगी हैं। पश्चिम में हिमाचल प्रदेश और दक्षिण में उत्तर प्रदेश इसकी सीमा से लगे राज्य हैं। सन २००० में अपने गठन से पूर्व यह उत्तर प्रदेश का एक भाग था। पारम्परिक हिन्दू ग्रन्थों और प्राचीन साहित्य में इस क्षेत्र का उल्लेख उत्तराखण्ड के रूप में किया गया है। हिन्दी और संस्कृत में उत्तराखण्ड का अर्थ उत्तरी क्षेत्र या भाग होता है। राज्य में हिन्दू धर्म की पवित्रतम और भारत की सबसे बड़ी नदियों गंगा और यमुना के उद्गम स्थल क्रमशः गंगोत्री और यमुनोत्री तथा इनके तटों पर बसे वैदिक संस्कृति के कई महत्त्वपूर्ण तीर्थस्थान हैं।

देहरादून, उत्तराखण्ड की अन्तरिम राजधानी होने के साथ इस राज्य का सबसे बड़ा नगर है। गैरसैण नामक एक छोटे से कस्बे को इसकी भौगोलिक स्थिति को देखते हुए भविष्य की राजधानी के रूप में प्रस्तावित किया गया है किन्तु विवादों और संसाधनों के अभाव के चलते अभी भी देहरादून अस्थाई राजधानी बना हुआ है। राज्य का उच्च न्यायालय नैनीताल में है।

राज्य सरकार ने हाल ही में हस्तशिल्प और हथकरघा उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये कुछ पहल की हैं। साथ ही बढ़ते पर्यटन व्यापार तथा उच्च तकनीकी वाले उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए आकर्षक कर योजनायें प्रस्तुत की हैं। राज्य में कुछ विवादास्पद किन्तु वृहत बाँध परियोजनाएँ भी हैं जिनकी पूरे देश में कई बार आलोचनाएँ भी की जाती रही हैं, जिनमें विशेष है भागीरथी–भीलांगना नदियों पर बनने वाली टिहरी बाँध परियोजना। इस परियोजना की कल्पना १९५३ मे की गई थी और यह अन्ततः २००७ में बनकर तैयार हुआ। उत्तराखण्ड, चिपको आन्दोलन के जन्मस्थान के नाम से भी जाना जाता है।

अनुक्रमणिका

	पृष्ठ सं0
1. प्रस्तावना	5
2. विभागीय कार्यक्रम	7
3. चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अन्तर्गत मानव संसाधन 'क' 'ख' एवं 'ग' श्रेणी	11
4. चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अर्न्तगत निमार्णाधीन कार्यो की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति वर्ष 2022–23	15
5. विभागीय नियोजन	18
6. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखण्ड	19
7. प्रगति विवरण	21
8. आशा कार्यक्रम	24
9. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के महत्वपूर्ण घटक	29
10. राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (Urban Health Mission)	30
11. राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम	32
12. राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम	34
13. राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम	35
14. राष्ट्रीय प्रतिरक्षण कार्यक्रम	37
15. राष्ट्रीय पल्स पोलियो प्रतिरक्षण कार्यक्रम	41
16. राष्ट्रीय कुष्ठ उन्नमूलन कार्यक्रम	42
17. राष्ट्रीय दृष्टिविहीनता नियंत्रण कार्यक्रम एवं विजुअल इम्पयरमेंट उत्तराखण्ड (NPCB &VI)	45
18. राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम	47
19. राष्ट्रीय क्षःय उन्मूलन कार्यक्रम	50
20. उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति	52
21. इन्टीग्रेटेड डिजीज सर्विलेंस प्रोग्राम (आई0डी0एस0पी0)	54
22. गर्भधारण पूर्व और प्रसूति पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम, 1994	55
23. चिकित्सा उपचार	59
24. सेवा शुल्क विवरण	65

25. राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण 69
26. स्वास्थ्य सेवाओं में सूचना तकनीक के नए आयाम 70
27. गैर संचारी रोग 71
28. राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम 72
29. राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम 73
30. राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम 74
31. राष्ट्रीय मानसिक रोग स्वास्थ्य कार्यक्रम 75
32. राष्ट्रीय बधिरता बचाव एवं रोकथाम कार्यक्रम 76
33. प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम 77
34. लोक निजी सहभागिता के अन्तर्गत संचालित योजनाओं का विवरण 78
35. राष्ट्रीय पैलिएटिव केयर कार्यक्रम 80
36. आयुष्मान भारतComprehensive Primary Health Care 81
37. राज्य रक्त संचरण परिषद् 83
38. निःशुल्क औषधि योजना 85
39. निःशुल्क जाँच योजना 90
40. टेली रेडियोलॉजी 91
41. कायाकल्प कार्यक्रम 93
42. राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण, उत्तराखण्ड 96
43. जन्म–मृत्यु पंजीकरण प्रणाली 100
44. उत्तराखण्ड हैल्थ सिस्टम डेवलपमेंट परियोजना 103
45. खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तराखण्ड 106
46. चारधाम यात्रा – 2022 110
47. आउटकम/परफॉरमेन्स बजट 2022–23 112
48. वित्तीय आवश्यकताओं, कार्यक्रमों का विवरण 120
49.महानिदेशालय–चिकित्सा स्वास्थ्य एवं प0क0, उत्तराखण्ड
(सूचना निदर्शिनी–दिसम्बर 2021 तक अद्यतन) 124

प्रस्तावना

आम जनमानस तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच सुलभ कराना राज्य सरकार के लिए प्राथमिकता का विषय है। इस परिकल्पना को पूर्ण करने के लिए सरकार निरन्तर स्वास्थ्य सेवाओं के विकास एवं विस्तार हेतु कार्य कर रही है।

उत्तराखण्ड की भौगोलिक विषमताओं एवं छितरी हुई आबादी के कारण यद्यपि स्वास्थ्य सेवाओं को सर्वसुलभ बनाना चुनौतीपूर्ण है, तथापि सरकार के प्रयासों के फलस्वरूप राज्य के सभी अस्पतालों में चिकित्सकों की तैनाती की गयी हैं। वर्तमान में चिकित्सकों के 2856 स्वीकृत पदों के सापेक्ष 1938 चिकित्सक तैनात हैं, इसके अतिरिक्त 417 बाण्डेड/संविदा चिकित्सकों द्वारा भी सेवाएं दी जा रही है। विभाग के अन्तर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन/वर्ल्ड बैंक हैल्थ सिस्टम के माध्यम से विशेषज्ञ चिकित्सकों को उच्च वेतन पर तैनात किए जाने की आकर्षक योजना गतिमान है।

स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के लिए अस्पतालों को आई0पी0एच0एस0 (Indian Public Health Standard) मानकों के अनुसार विकसित किया जा रहा है। विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं के लिए हर्रावाला (देहरादून) में मल्टीस्पेसिलिटी हॉस्पिटल एवं आधुनिक कैंसर चिकित्सा इकाई का निर्माण सरकार की प्राथमिकता को दर्शाता है।

असेवित क्षेत्रों तक विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं पहुंचाने के लिए की विश्व बैंक सहायतित उत्तराखण्ड हैल्थ सिस्टम डेवलपमेंन्ट परियोजना के माध्यम से जिला चिकित्सालय टिहरी, पौड़ी, संयुक्त चिकित्सालय रामनगर का संचालन Private Health Partnersके द्वारा हो रहा है। इन चिकित्सालयों के साथ 02–02 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को भी सम्मिलित किया गया है।

उत्तराखण्ड के समस्त परिवारों को निःशुल्क एवं कैशलेस चिकित्सा उपचार देने के लिए सरकार द्वारा आयुष्मान भारत की तर्ज पर अटल आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना लागू की गयी हैं। इस योजना के अच्छे परिणाम आ रहे हैं, अभी तक 42.09 लाख व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बना दिए हैं और योजना के आरम्भ होने से मात्र 03 वर्षों में लगभग ` 755 करोड़ का व्यय किया जा चुका हैं। कैशलेस उपचार के लिए राज्य के अन्तर्गत 102 राजकीय एवं 117 निजी चिकित्सालय सूचीबद्ध किए गए हैं। उपचार के लिए नेशनल पोर्टेबिलिटी की सुविधा दी जा रही है। योजना का लाभ लेने के लिए अस्पतालों में 4.8 लाख मरीज भर्ती (Admission) हुए है।

राज्य में सभी नियमित राजकीय कार्मिकों, पेंशनरों एवं उनके आश्रितों को कैशलेस उपचार की सुविधा के लिए राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना लागू की गयी है। अंशदान आधारित इस योजना के लागू होने से राजकीय कार्मिकों एवं पेंशनरों को सी0जी0एच0एस0 की दरों पर असीमित स्तर का उपचार सूचीबद्ध अस्पतालों में मिल रहा है। योजना के अन्तर्गत कुल 4.36 लाख पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये हैं। योजना में 27576 लाभार्थियों को अस्पताल में भर्ती होने कैशलेस उपचार दिया गया है, जिस पर`67.00 करोड़ का व्यय किया गया है। इसके अतिरिक्त ओ0पी0डी0 में उपचार पर व्यय की प्रतिपूर्ति भी राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा की जा रही है।

राज्य में संचालित जीवनदायिनी 108 आपातकालीन सेवा को अधिक प्रभावी बनाया गया हैं, अब 108 के बेड़े में 272 Basic & Advance Life Support Ambulances तैनात की गयी है। मरीज तक एम्बुलेंन्स पहुँचने का रिस्पॉन्स टाईम कम करते हुए एम्बुलेंस संचालन को जवाबदेह बनाया गया है।

गर्भवती महिला को प्रसव हेतु अस्पताल लाने एवं प्रसव उपरान्त जच्चा–बच्चा को घर तक छोड़ने के लिए खुशियों की सवारी की सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क सुविधा दी जा रही हैं।

राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के विकास एवं विस्तार हेतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की भूमिका महत्वपूर्ण हैं। मिशन द्वारा संचालित सेवाओं के कारण निःशुल्क प्रसव जो पूर्व में 50% थे, बढ़कर 88.50% हो गये हैं, परिणामस्वरूप मातृ मृत्यु अनुपात 101 प्रति लाख जीवित जन्म हो गया है।

सरकार के प्रयासों से शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में भी निरन्तर सुधार हो रहा हैं। अब शिशु मृत्यु दर 38 प्रति हजार से घटकर 27 प्रति हजार जीवित जन्म हो गयी हैं। यह गिरावट देश के प्रमुख बड़े राज्यों में सबसे अधिक हैं। इसी प्रकार 05 वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर भी 41 से घटकर 30 हो गयी हैं।

राज्य में कैंसर पीड़ित मरीजों की सुविधा के लिए 07 पर्वतीय जनपदों क्रमशः अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, चम्पावत, टिहरी, उत्तरकाशी, पौड़ी, चमोली में Day Care Cancer Unit का संचालन आरम्भ हो रहा हैं। अब कैंसर पीड़ित मरीजों को किमोथैरेपी की सुविधा घर के समीप ही मिल पायेगी।

सरकार द्वारा दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्रों तक गुर्दा रोग से पीड़ित मरीजों को निःशुल्क अथवा न्यूनतम दरों पर डायलिसिस की सुविधा देने का कार्य किया जा रहा है।

राज्य में एच0आई0वी0 संक्रमित व्यक्तियों के लिए` 1000 मासिक पेंशन योजना एवं ए0आर0टी0 सेन्टर तक दवा लेने के लिए निःशुल्क यात्रा सुविधा की व्यवस्था की जा रही है।

आमजन की मधुमेह, रक्तचाप, स्तन कैंसर एवं मुँह के कैंसर की निःशुल्क जाँच तथा स्क्रीनिंग के लिए 1440 हैल्थ एण्ड वैलनेस सेन्टर संचालित किए जा रहे है। वर्ष 2018 से अभी तक इन केन्द्रों में कुल 10.22 लाख लोगों की हैल्थ स्क्रीनिंग की गयी है।

राज्य सरकार द्वारा सरकारी चिकित्सालयों में निःशुल्क पैथोलॉजी जाँच योजना आरम्भ की गयी है। योजना के तहत ओ0पी0डी0, आई0पी0डी0 एवं इमरजेंन्सी के दौरान 258 प्रकार की पैथोलॉजिकल जाँचें निःशुल्क की जा रही हैं। इस योजना के संचालन हेतु अनुबंधित निजी सेवा प्रदाता के स्तर से लगभग 500 मानव संसाधन का रोजगार सृजन भी हो रहा है।

राज्यवासियों को सुरक्षित एवं स्वच्छ खाद्य पदार्थ, गुणवत्ता पूर्ण औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफ.डी.ए.) उत्तराखण्ड का गठन किया गया है। राज्य के अन्तर्गत एफ.डी.ए. के माध्यम से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण को प्रभावी ढ़ंग से लागू करते हुए आम नागरिकों की स्वास्थ्य सुरक्षा सरकार के लिए प्राथमिकता का विषय है।

सरकार के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए अनुदान संख्या–12, 30 एवं 31 के अर्न्तगत में `31 अरब, 22 करोड़, 70 लाख, 89 हजार का बजट प्राविधानित है।

विभागीय कार्यक्रम

1. प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं
2. द्वितीय स्तरीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं
3. तृतीय स्तरीय चिकित्सा उपचार सेवाएं

1 प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं

- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- जटिल केसों का संदर्भण

1.1 राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से संचालित राष्ट्रीय कार्यक्रम

क– मातृत्व स्वास्थ्य सेवाएं

क– सुरक्षित प्रसव

अ– प्रसव पूर्व परीक्षण, परामर्श एवं प्रतिरक्षण

ब– संस्थागत प्रसव

स– प्रसवोत्तर देखभाल

ख– कुपोषणजन्य अल्परक्तता

ग– किशोरावस्था का स्वास्थ्य

घ– सुरक्षित गर्भपात

ड़– प्रजनन तंत्र संक्रमण की रोकथाम एवं उपचार

च– यौन संचारित रोगों का रोकथाम एवं उपचार

ख– शिशु स्वास्थ्य सेवाएं

क– नवजात शिशु की देखभाल

ख– स्तनपान

ग– नियमित टीकाकरण

घ– श्वसनतंत्र संक्रमण पर नियंत्रण एवं उपचार

ड़– अतिसार– बचाव एवं उपचार

च– विटामिन 'ए' की कमी – जानकारी एवं उपचार

छ– अल्परक्तता– जानकारी एवं उपचार

ग– परिवार कल्याण

क– गर्भ निरोधक उपायों की जानकारी एवं वितरण।

ख– अस्थाई एवं स्थाई परिवार नियोजन विधि अपनाने हेतु परामर्श एवं सेवाओं की उपलब्धता।

ग– परिवार नियोजन अपनाने वाले दम्पतियों का अनुगमन।

घ–संचारी रोगों की रोकथाम एवं उपचार

–संचारी रोगों की सूचना का प्रेषण

–संचारी रोगों का उपचार

–संचारी रोगों का सर्वेक्षण

–संचारी रोगों की रोकथाम

ङ– राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम

क– अंधता वाले व्यक्तियों का चिन्हीकरण

ख– मोतियाबिन्द से प्रभावित व्यक्तियों हेतु नेत्र शिविरों का आयोजन

ग– स्कूली बच्चों का नेत्र परीक्षण

च– राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण कार्यक्रम

क– नये रोगी खोजने का कार्य

ख– खोजे गये रोगियों को उपचार प्रदान करना

छ– राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत डाट्स पद्धति से निम्न कार्यों का क्रियान्वयन–

क– डी0एम0सी0 द्वारा बलगम का परीक्षण

ख– क्षय रोगियों का पंजीकरण

ग– रोगियों को उपचार प्रदान किया जाना

घ– उपचार प्राप्त कर रहे रोगियों का अनुगमन

ज– राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम

इसके अन्तर्गत मलेरिया, डेंगू, जापानीज इन्सेपलाटिस तथा चिकनगुनिया के प्रसार पर प्रभावी निगरानी, नियंत्रण एवं बचाव के उपाय किए जाते हैं। मलेरिया के नियंत्रण हेतु निम्न गतिविधियां की जा रही हैं–

– ज्वर से पीड़ित रोगियों की रक्त पट्टिकायें बनाना।

– मलेरिया क्लीनिक में रक्त पट्टिकाओं की जांच करना।

– धनात्मक रोगियों को मूल उपचार देना।

– ज्वर से पीड़ित रोगियों को उपचार प्रदान कराया जाना

– ए0पी0आई0 के क्षेत्र में कीटनाशक का छिड़काव करना।

झ– एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आई0डी0एस0पी0)

क– रोगों की सूचना प्राप्त करना।

ख– जांच व निदान।

ग– सूचना का विश्लेषणात्मक प्रेषण करना।

घ– अनुश्रवण एवं बीमारियों के स्वरूप (ट्रेन्ड) की जानकारी एकत्रित करना।

ड़– रोगों के आउटब्रेक की त्वरित रोकथाम/निरोधात्मक कार्यवाही करना।

ञ– एड्स नियंत्रण कार्यक्रम

क–यौन जनित एवं प्रजनन तंत्र संक्रमण की पहचान, उपचार एवं संदर्भण।

ख–एच0आई0वी0 परीक्षण तथा उपचार

ग–जागरूकता/सूचना शिक्षा एवं संचार गतिविधियां।

घ– एंटी रेट्रो वायरल थेरेपी **(ART)**की सुविधाएं।

2. द्वितीय स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं

2.1 वाह्य रोगियों को उपचार प्रदान करना।

2.2 अन्तःरोगियों को विशिष्ट उपचार प्रदान करना।

2.2.1 मेडिकल चिकित्सा सेवाएं

2.2.2 सामान्य सर्जिकल सेवाएं

2.2.3 नेत्र शल्य क्रिया

2.2.4 अस्थि रोग शल्य क्रिया

2.2.5 नाक, कान, गला उपचार एवं शल्य क्रिया

2.2.6 विशिष्ट बाल रोग चिकित्सा

2.2.7 दन्त शल्य विशेषज्ञ चिकित्सा सेवा

2.2.8 विशिष्ट पैथोलॉजिकल परीक्षण

2.2.9 सामान्य एवं विशिष्ट रेडियोलॉजिकल परीक्षण

2.3.0 चर्म एवं यौनजनित/आर0टी0आई0 के विशिष्ट उपचार

2.3.1 सुरक्षित रक्त (एच0आई0वी0 मुक्त) की उपलब्धता

2.3.2 स्वैच्छिकपरामर्श एवं परीक्षण केन्द्र (देहरादून, हल्द्वानी) के माध्यम से एच0आई0वी0/एड्स की जानकारी, परामर्श एवं जांच

2.3.3 हृदय रोग विशेषज्ञ सेवाएं

2.3.4 108–आपातकालीन एवं रोगी वाहन सेवाएं

2.3.5 मेडिकोलीगल सम्बन्धित सेवाएं

उपरोक्त सेवाएं तहसील स्तरीय चिकित्सालय एवं जिला चिकित्सालयों द्वारा दी जाती हैं। आई.पी.एच.एस. मानकों को लागू करने के उपरान्त जिला पुरुष एवं महिला चिकित्सालयों का एकीकरण करते हुए उन्हें जिला चिकित्सालय के नाम से जाना जाएगा। इसी प्रकार संयुक्त चिकित्सालय एवं बेस चिकित्सालयों को उप जिला चिकित्सालय के रूप में स्थापित किया गया है। इस सभी चिकित्सालयों में प्रसव पूर्व, प्रसव के दौरान, प्रसव पश्चात सेवाओं के अतिरिक्त विशिष्ट सेवाएं भी प्रदान की जाती हैं।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सामान्यतया मेडिकल, सर्जिकल, स्त्री एवं प्रसूति रोग, बालरोग, दन्त उपचार सेवाएं प्रदान की जा रही हैं, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रथम सन्दर्भण इकाई (First Referral Unit) के रूप में भी कार्य कर रहे हैं।

3. तृतीय स्तरीय चिकित्सा उपचार सेवाएं

मेडिकल कालेजों के अन्तर्गत संचालित विशिष्ट चिकित्सा उपचार की सेवाएं तृतीय स्तरीय सेवाओं के रूप में निम्न स्थानों पर उपलब्ध हैं–

1. वीर चन्द्रसिंह गढ़वाली आयुर्विज्ञान एवं शोध संस्थान, श्रीनगर (पौड़ी गढ़वाल)
2. राजकीय मेडिकल कालेज, हल्द्वानी
3. दून मेडिकल कॉलेज, देहरादून
4. एम्स, ऋषिकेश

□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□
□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□
□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□□
□ :–

प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं:–

प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के अन्तर्गत निम्न चिकित्सा संस्थायें राज्य में स्थापित हैं –

1. उपकेन्द्र	1897
2. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (टाईप–ए)	52
3. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (टाईप–बी)	526
4. विधानसभा / राजभवन / सचिवालय / हाईकोर्ट / उत्तराखण्ड निवास डिस्पेन्सरी	05
5. अन्य चिकित्सा इकाईयां	41

द्वितीय स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं:–

इस प्रणाली के अन्तर्गत रोगी को विशेषज्ञ चिकित्सा उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, तहसील स्तरीय उप जिला चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय अथवा राज्य के अन्य बडे चिकित्सालयों के माध्यम से दिया जाता है।

क– सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र	80
ख–उप जिला चिकित्सालय (तहसील स्तरीय)	21
ग– जिला चिकित्सालय	13
घ– मानसिक चिकित्सालय	01
ड– क्षय रोग आश्रम भवाली / गेठिया	02

नोट– अन्य विभिन्न चिकित्सा इकाईयां आई0पी0एच0एस0 के मानक अनुसार स्थापित किए जाने संबंधित शासनादेश दिनांक 02 अक्टूबर 2019 के अनुसार कार्यशील रहेंगी।

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अन्तर्गत मानव संसाधन 'क' 'ख' एवं 'ग' श्रेणी

क्र.सं.	पदनाम	स्वीकृत पद	कार्यरत	रिक्त
1	महानिदेशक	01	01	0
2	निदेशक	06	03	03
3	अपर निदेशक	35	27	08
4	संयुक्त निदेशक	162	137	25
5	वरिष्ठ श्रेणी चिकित्सा अधिकारी	426	289	137
6	चिकित्सा अधिकारी ग्रेड–1	643	177	466
7	चिकित्सा अधिकारी	1583	1304	279
	नियमित चिकित्सकों का कुल योग	2856	1938	918
8	अपर निदेशक, दंत	01	01	0
9	संयुक्त निदेशक, दंत/वरि0 परामर्शदाता	05	05	00
10	परामर्शदाता	11	10	01
11	वरिष्ठ दंत शल्यक	22	11	11
12	साधारण ग्रेड दंत चिकित्सक	96	96	0
13	चिकित्सा अधिकारी (दन्त चिकित्सक अधिसंख्यक)	0	51	0
	कुल योग	135	185	12
	कुल महायोग	2991	2123	930
14	संविदा चिकित्सक		122	
15	बाण्डधारी चिकित्सक		295	
	कुल		417	
16	अन्य स्त्रोतों से कार्यरत चिकित्सक		164	
17	नियमित अनुपस्थित चिकित्सा अधिकारी		109	
	नियमित, संविदा एवं बाण्डधारी चिकित्सकों की कुल संख्या–2595 (2123 +417+164–109)			
18	बाण्डधारी चिकित्सक (पी0जी0 अध्ययनरत)		203	
19	मुख्य प्रशासनिक अधिकारी	39	35	04
20	वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी	53	51	02
21	प्रशासनिक अधिकारी	53	49	04
22	प्रधान सहायक	118	52	66
23	वरिष्ठ सहायक	183	143	40
24	कनिष्ठ सहायक	209	117	94(कनिष्ठ सहायक अधि0 कार्यरत है।)
25	मुख्य वैयक्तिक अधिकारी	02	0	02
26	वैयक्तिक अधिकारी	06	0	06
27	वरिष्ठ वैयक्तिक अधिकारी	14	07	07

क्र.सं.	पदनाम	स्वीकृत पद	कार्यरत	रिक्त
28	वैयक्तिक सहायक	17	0	17
29	निदेशक वित	01	01	0
30	लेखाधिकारी	02	00	02
31	सहायक लेखाधिकारी	02	02	0
32	लेखाकार	08	0	08
33	सहायक लेखाकार	08	0	08
34	विधि सलाहकार	01	0	01
35	वाहन चालक	281	159	122
36	चतुर्थ श्रेणी	3023	1910 नियमित 1109 संविदा में कार्यरत	00 (मृत संवर्ग)
37	इलैक्ट्रीशियन	01	0	01
38	ड्राफ्ट मैन	01	0	01
39	फारमेन	01	0	01
40	स्वच्छक	12	03	09
41	डेंटल हाईजीनिस्ट	92	52	40
42	एक्स रे टेक्नीशियन	162	79	83
43	लैब टेक्नीशियन	333	159	174
44	वरिष्ठ लैब टेक्नीशियन	06	05	01
45	डी0आर0ए0	67	26	41
46	ई0सी0जी0 टेक्नीशियन	19	10	09
47	ऑक्यूपेशनलथेरेपिस्ट	07	0	07
48	उपनिदेशक फिजियोथैरेपिस्ट	01	0	01
49	प्रमुख फिजियोथैरेपिस्ट	01	0	01
50	वरिष्ठ फिजियोथैरेपिस्ट	04	0	04
51	फिजियोथैरेपिस्ट	46	42	04
52	मुख्य दृष्टितिमितिज्ञ	10	0	10
53	वरिष्ठ दृष्टिमितिज्ञ	40	29	11
54	दृष्टिमितिज्ञ	84	74	10
55	अपर निदेशक (नर्सिंग)	01	0	01
56	संयुक्त निदेशक (नर्सिंग)	01	0	01
57	डिप्टी डायरेक्टर (नर्सिंग)	02	0	02
58	सहायक नर्सिंग अधीक्षिका	47	33	14
59	सिस्टर	363	335	28
60	उपचारिका	2254	681	1573
61	उप निदेशक (फार्मेसी)	01	0	01

क्र.सं.	पदनाम	स्वीकृत पद	कार्यरत	रिक्त
62	प्रभारी अधिकारी (फार्मेसी)	34	08	26
63	चीफ फार्मासिस्ट	208	178	30
64	फार्मासिस्ट (चिकित्सालय हेतु)	810	752	58
65	फार्मासिस्ट (उपकेंद्र हेतु) (शासनादेश संख्या–493, दिनांक–20.12.2021 के द्वारा आई0पी0एच0एस0 मानकानुसार उपकेन्द्र हेतु सृजित पदों को समाप्त किया गया है फलस्वरूप उपकेन्द्र में कार्यरत फार्मासिस्टों को चिकित्सालय में समायोजित किया जाना है।	536	486	50
66	अन्वेषक कम संगणक	04	04	0
67	संयुक्त खाद्य सुरक्षा आयुक्त	01	00	01
69	उपायुक्त खाद्य सुरक्षा–प्रभारी	06	06	0
70	अभिहित अधिकारी	14	14	0
71	वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी	21	21	0
72	खाद्य सुरक्षा अधिकारी	36	09	27
73	लोक विश्लेषक (खाद्य)	01	01 (प्रतिनियुक्ति पर)	0
74	माईक्रोबायोलोजिस्ट	01	0	01
75	वरिष्ठ विश्लेषक (खाद्य)	03	01	02
76	वैज्ञानिक अधिकारी (खाद्य)	01	0	01
77	वैज्ञानिक सहायक (औषधि)	02	0	02
78	वैज्ञानिक सहायक (खाद्या)	01	0	01
79	कनिष्ठ विश्लेषक (खाद्य)	06	03	03(उपनल के माध्यम से संविदा आधार पर तैनात)
80	कनिष्ठ विश्लेषक (औषधि)	06	04	02(उपनल के माध्यम से संविदा आधार पर तैनात)
81	औषधि नियंत्रक	01	01	00
82	सहायक औषधि नियंत्रक	03	02	01
83	वरिष्ठ औषधि निरीक्षक	06	04	02
84	औषधि निरीक्षक ग्रेड–1	11	00	11
85	औषधि निरीक्षक ग्रेड–2	22	03	19
86	राजकीय विश्लेषक (औषधि)	01	01	00
87	वरिष्ठ विश्लेषक (औषधि)	04	00	04
88	प्रधान सहायक	01	01	00
89	कनिष्ठ सहायक	05	04	01
90	कम्प्यूटर आपरेटर	13	13	00
91	प्रयोगशाला सहायक	05	03	02
92	वाहन चालक	01	01	00
93	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	21	19	02

क्र.सं.	पदनाम	स्वीकृत पद	कार्यरत	रिक्त
94	जिला मलेरिया अधिकारी	09	06	03
95	सहायक मलेरिया अधिकारी	11	00	11
96	वरिष्ठ वैक्टर निरीक्षक	05	0	05
97	वैक्टर निरीक्षक	11	02	09
98	स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला)	2296	1472	824
99	कीट विज्ञान सहायक अवर श्रेणी	01	00	01
100	स्वास्थ्य कार्यकर्ता (पुरुष) (मृत संवर्ग)	855	01	854
101	स्वास्थ्य पर्यवेक्षक (महिला)	340	274	66
102	स्वास्थ्य पर्यवेक्षक (पुरुष)	547	49	498
103	जन स्वास्थ्य उपचारिका (पी0एच0एन0)	30	0	30
104	सहायक सांख्यकीय अधिकारी/सहायक शोध अधिकारी सांख्यकीय	76	0	76
105	अपर सांख्यकीय अधिकारी/अपर शोध अधिकारी सांख्यकीय	50	06	44
106	संख्याधिकारी	01	0	01
107	टेक्नोलॉजिस्ट	01	01	00
108	डेमोग्राफर	01	0	01
109	दृश्य श्रव्य अधिकारी	01	0	01
110	कम्प्यूटर प्रोग्रामर	01	0	01
111	स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी	85	1	84
112	उप जिला स्वा0 शि0 एवं सू0 अधिकारी	16	0	16
113	जिला स्वा0 शिक्षा एवं सूचना अधिकारी	08	0	08
114	सूचना शिक्षा एवं संचार अधिकारी (आई0ई0सी0 अधिकारी)	01	00	01
115	रेफ्रिजरेटर मैकेनिक	06	03	03
116	जिला सहा0 प्रतिरक्षण अधिकारी	16	12	04
117	जिला जन स्वास्थ्य उपचारिका (डी0पी0एच0एन0)	30	00	30
118	आर्टिस्ट कम फोटोग्राफर (मृत संवर्ग)	07	03	04

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अर्न्तगत निमार्णाधीन कार्यो की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति वर्ष 2022–23

राजकीय एलोपैथिक चिकित्सालय						
क्र0 सं0	चिकित्सा इकाई का नाम	जनपद	स्वीकृत धनराशि (लाख में)	पूर्व में जारी (लाख में)	आवश्यक धनराशि (लाख में)	कार्य की भौतिक प्रगति
1.	असगोली	अल्मोड़ा	64.97	64.97	0	100 प्रतिशत
2.	बैजवाडी	टिहरी	41.86	41.86	0	100 प्रतिशत
3.	पनियाला	टिहरी	109.39	109.39	0	100 प्रतिशत
4.	काफडा	अल्मोडा	77.23	77.23	0	100 प्रतिशत
5.	धामदेवल	अल्मोडा	101.71	101.71	0	100 प्रतिशत
6.	घुघुसिगडी	नैनीताल	70.39	70.39	0	100 प्रतिशत
7.	नैटवाड	उत्तरकाशी	113.79	91.00	22.79	80 प्रतिशत
8.	हलैथ	टिहरी	182.77	182.77	0	100 प्रतिशत
9.	धारी ढुण्ढसीर	टिहरी	194.01	194.01	0	100 प्रतिशत

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र						
क्र0 सं0	चिकित्सा इकाई का नाम	जनपद	स्वीकृत धनराशि (लाख में)	पूर्व में जारी (लाख में)	आवश्यक धनराशि (लाख में)	कार्य की भौतिक प्रगति
1..	नौगॉव खाल	पौडी	157.95	157.95	–	50 प्रतिशत
2	हल्दूचौड	नैनीताल	789.06	492.40	296.66	70 प्रतिशत
3.	भतरोजखान	अल्मोडा	9.72	9.72	प्रथम चरण हेतु धनराशि अवमुक्त	00 प्रतिशत
4.	चैल्यूसैण	पौडी	217.92	217.92	–	60 प्रतिशत
5.	लमगडा	अल्मोड़ा	672.60	269.04	धनराशि अवमुक्त	00 प्रतिशत

मुख्य चिकित्सा अधिकारी आवास						
क्र0 सं0	चिकित्सा इकाई का नाम	जनपद	स्वीकृत धनराशि (लाख में)	पूर्व में जारी (लाख में)	आवश्यक धनराशि (लाख में)	कार्य की भौतिक प्रगति
1.	मुख्य चिकित्सा अधिकारी आवास	रूद्रप्रयाग	365.26	365.26	0	100 प्रतिशत

अनावासीय भवनो में बृहदस्तरीय अनुरक्षण, विस्तारीकरण तथा निर्माण						
क्र0 सं0	चिकित्सा इकाई का नाम	जनपद	स्वीकृत धनराशि (लाख में)	पूर्व में जारी (लाख में)	आवश्यक धनराशि (लाख में)	कार्य की भौतिक प्रगति
1.	श्री ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरू शंकराचार्य माधवाश्रम राजकीय चिकित्सालय कोटेश्वर	रूद्रप्रयाग	157.21	157.21	0	100 प्रतिशत

बेस चिकित्सालय						
क्र0 सं0	चिकित्सा इकाई का नाम	जनपद	स्वीकृत धनराशि (लाख में)	पूर्व में जारी (लाख में)	आवश्यक धनराशि (लाख में)	कार्य की भौतिक प्रगति
1.	बेस चिकित्सालय,, लिन्थयूडा	पिथौरागढ	6904.72	6904.72	0	96 प्रतिशत
2.	महिला बेस, सिमली	चमोली	1451.69	1451.00	0.69	92 प्रतिशत
4.	100 शैय्यायुक्त चिकित्सालय त्यूणी	देहरादून	3551.06	1999.00	1552.06	55 प्रतिशत

मानसिक स्वास्थ्य संस्थान एवं चिकित्सालय						
क्र0 सं0	चिकित्सा इकाई का नाम	जनपद	स्वीकृत धनराशि (लाख में)	पूर्व में जारी (लाख में)	आवश्यक धनराशि (लाख में)	कार्य की भौतिक प्रगति
1.	मानसिक चिकित्सालय सेलाकुई	देहरादून	1925.46	1600.00	325.46	85 प्रतिशत

आवासीय भवनों का निर्माण						
क्र0 सं0	चिकित्सा इकाई का नाम	जनपद	स्वीकृत धनराशि (लाख में)	पूर्व में जारी (लाख में)	आवश्यक धनराशि (लाख में)	कार्य की भौतिक प्रगति
1.	ट्राजिंट हास्टल बागेश्वर	बागेश्वर	84.90	84.90	स्वीकृति अपेक्षित (226.63)	85 प्रतिशत
2.	आवास बेस चिकित्सालय, टाईप–3 एवं टाईप–5	हल्द्वानी नैनीताल	165.42	165	0	70 प्रतिशत
3.	आवास बेस चिकित्सालय, टाईप–4	हल्द्वानी नैनीताल	108.94	108.94	0	100 प्रतिशत

4.	ट्राजिंट हास्टल, हल्द्वानी	नैनीताल	97.69	97.69	0	70 प्रतिशत
5.	ट्राजिंट हास्टल, नई टिहरी	टिहरी गढ़वाल	222.15	222.15	0	90 प्रतिशत
6.	जिला चिकित्सालय के आवासों का निर्माण	चम्पावत्	537.78	537.78	0	75 प्रतिशत
7.	ट्रांजिट हॉस्टल चमोली	चमोली	281.32	172.80	108.32	50 प्रतिशत

प्रा0स्वा0 केन्द्र के भवनों का निर्माण						
क्र0 सं0	चिकित्सा इकाई का नाम	जनपद	स्वीकृत धनराशि (लाख में)	पूर्व में जारी (लाख में)	आवश्यक धनराशि (लाख में)	कार्य की भौतिक प्रगति
1.	पावकी देवी	टिहरी	91.06	91.06	0	100 प्रतिशत
2.	दिग्धार	रूद्रप्रयाग	114.78	114.78	0	100 प्रतिशत
3.	त्रिपाली सैण	पौडी	1.79	1.79	0	05 प्रतिशत
4.	महुआखेडागंज	उ0सिंह नगर	127.78	127.78	0	80 प्रतिशत
5.	हिंसरियाखाल	टिहरी	218.63	218.63	0	100 प्रतिशत
6.	जखोल	उत्तरका	267.31	200.00	67.31	0 प्रतिशत
7.	नन्दप्रयाग	चमोली	452.06	190.00	262.06	20 प्रतिशत

उप जिला चिकित्सालय						
क्र0 सं0	चिकित्सा इकाई का नाम	जनपद	स्वीकृत धनराशि (लाख में)	पूर्व में जारी (लाख में)	आवश्यक धनराशि (लाख में)	कार्य की भौतिक प्रगति
1.	उप जिला चिकित्सालय हर्रावाला	देहरादून	10684.70	2000.00	8684.70	28 प्रतिशत
2.	उप जिला चिकित्सालय, गैरसैण	चमोली	306.28	120.00	186.28	05 प्रतिशत

विभागीय नियोजन

उत्तराखण्ड राज्य में चिकित्सा सुविधा को बेहतर बनाने के लिये राज्य में स्थापित विभिन्न चिकित्सा इकाईयों को शासनादेश सं0–1443/xxviii–2/01(15)2019 दिनांक 17.10.2019 के क्रम में शासनादेश संख्या–1130/XXVIII–1/21–01(15)2019, दिनांक–12 नवम्बर, 2021 द्वारा उत्तराखण्ड राज्य में स्थापित विभिन्न चिकित्सा इकाईयों को आई0पी0एच0एस0 मानकानुसार सामान्य/विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारियों के पदों का चिन्हीकरण किया गया है। के द्वारा आई0पी0एच0एस0 मानकानुसार स्थापित किया गया है। आई0पी0एच0एस0 मानकानुसार चिकित्सा इकाईयों को स्थापित करने से चिकित्सा इकाईयों में एकरूपता तथा बेहतर ढंग से चिकित्सा इकाईयों का संचालन किया जा रहा है। आई0पी0एच0एस0 मानकानुसार चिकित्सा इकाईयों में पदों के सृजन, आवश्यक उपकरण, भवन, औषधि आदि के मानक निर्धारित किये गये हैं। आई0पी0एच0एस0 मानकानुसार चिकित्सालयों की स्थापना के पश्चात् प्रत्येक चिकित्सा इकाई की विस्तृत जानकारी उपलब्ध है, जिसके तहत भवनों, मानव संसाधन, उपकरणों, दवाईयों एवं अन्य चिकित्सा सुविधाओं में एक रूपता हुई है। जिससे जनमानस को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है।

प्रदेश की चिकित्सा इकाईयों के आई0पी0एच0एस0 मानकानुसार पुनर्स्थापित/पुनर्गठित होने के फलस्वरूप वर्तमान में विभाग से सम्बन्धित विभिन्न संवर्गों (यथा–मेडिकल/पैरा मेडिकल/ लिपिकीय आदि) के पदों को आई0पी0एच0एस0 मानकानुसार पुनर्स्थापित/पुनर्गठित किये जाने की कार्यवाही गतिमान है। शासनादेश संख्या–515/xxviii–2–2020–07/2020 दिनांक 21.09.2020 के द्वारा प्रदेश में स्थापित चिकित्सा इकाईयों के सुचारू संचालन हेतु उपचारिका के 1020 नवीन पदों का सृजन किया गया है। ग्रामीण एवं दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्रों में जनमानस को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के दृष्टिगत राज्य में 1896 स्वास्थ्य उपकेन्द्र; 525 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र टाईप–ए; 52 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र टाईप–बी; 80 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र; 21 उप–जिला चिकित्सालय; 13 जिला चिकित्सालय एवं 25 अन्य चिकित्सा इकाईयां स्थापित/संचालित हैं।

वित्तीय वर्ष 2022–23 में उपकेन्द्र–37; प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र–18; सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र–05; 300–शैय्यायुक्त चिकित्सालय–01; 100–अतिरिक्त शैय्यायुक्त जिला चिकित्सालय(कोरोनेशन)–01;10–शैय्यायुक्त चिकित्सालय/सेटेलाईट केन्द्र–01 एवं 100–शैय्यायुक्त मानसिक चिकित्सालय–01 की स्थापना/पदों के सृजन का लक्ष्य है।

वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु प्रस्तावित चिकित्सा इकाईयों की स्थिति

उपकेन्द्र	37
प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र	18
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र	05
300 शैय्यायुक्त उप जिला चिकित्सालय हर्रावाला	01
100 अतिरिक्त शैय्यायुक्त चिकित्सालय(कोरोनेशन)	01
10 शैय्यायुक्त सेटेलाईट चिकित्सालय भराड़ीसैण	01
100 शैय्यायुक्त मानसिक चिकित्सालय	01

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखण्ड
National Health Mission, Uttarakhand

देश में आर्थिक और सामाजिक उन्नति की प्रक्रिया में स्वास्थ्य के महत्व को स्वीकार करते हुये अपने नागरिको के जीवन स्तर मे सुधार करने के उददे्श्य से माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार द्वारा 12 अप्रैल 2005 को राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (NRHM) का शुभारम्भ किया गया था। वर्ष 2013 में भारत सरकार द्वारा शहरी स्वास्थ्य मिशन को प्रारम्भ किया गया है, परिणाम स्वरूप राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के नाम से जाना जा रहा है।

उत्तराखण्ड राज्य में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (NRHM) का शुभारम्भ दिनांक 27 अक्टूबर 2005 को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा0 अम्बुमणी रामदास द्वारा किया गया।

उददे्श्य

उत्तराखण्ड राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखण्ड का मुख्य उददे्श्य विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों, गरीबों, महिलाओं तथा बच्चों के लिये बेहतर स्तर की स्वास्थ्य देखभाल और जन सामान्य को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है, इसके साथ ही इस मिशन के अन्तर्गत पेयजल, सफाई, स्वच्छता और पोषण के साथ समन्वय कर बेहतर सुविधाएं सुलभ कराना है इसमें देश के उन 18 राज्यों पर विशेष बल दिया जा रहा है जिनका जन–स्वास्थ्य सूचकांक व आधारभूत ढांचा कमजोर है, उत्तराखण्ड राज्य भी इनमें से एक है।

लक्ष्य

- शिशु मृत्युदर (NMR) को वर्ष 2030 तक घटाकर 15 प्रति हजार जीवित जन्म लाना।
- मातृ मृत्यु अनुपात को वर्ष 2030 तक घटाकर 70 प्रति लाख जीवित जन्म लाना।
- प्रथम सन्दर्भण ईकाईयों(FRU) के उपयोग को 100 प्रतिशत तक लाना।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से राज्य स्तर में आये सुधार एवं लक्ष्य

क्र0 सं0	स्वास्थ्य सूचकांक	राज्य गठन के समय वर्ष 2000 की स्थिति	वर्तमान स्थिति
1	शिशु मृत्यु दर (IMR)	52	31/1000 live birth
2	मातृ मृत्यु अनुपात	450	101 /Lakhs live birth (SRS 2018-19)
3	सकल प्रजनन दर	3.3	1.9 (NFHS-2021)
4	सम्पूर्ण प्रतिरक्षण	47%	80.8 % NFHS-5
5	HIV/AIDS पर जागरूकता		
	महिला जागरूकता	-	24.5% NFHS-5
	पुरूष जागरूकता	-	36.1% NFHS-5
6	संस्थागत प्रसव	21%	83.2% NFHS-5

महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सूचकांक, वर्तमान स्थिति एवं आगामी वर्षो हेतु लक्ष्य **fu/kkZj.k**

S.N	INDICATOR	CURRENT STATUS Uttarakhand	Goal 2030	Current status India
1	Infant Mortality Rate	24/1000 live birth (SRS 2020)	26/1000 live birth	28/1000 live birth (SRS 2020)
2	Complete Immunization	80.8 % NFHS-5	95 %	76.4% (NFHS-5)
3	Maternal Mortality Rate	101 /Lakhs live birth (SRS 2018-19)	70/Lakh live birth	103/Lakh live birth (SRS 2018-19)
4	Institutional Delivery	83.2% (NFHS-5)	>90 %	88.6 (NFHS-5)
5	Total Fertility Rate	1.9 (NFHS-5)	1.8	2.0(NFHS-5)
6	Sex Ratio	1016/1000 (NFHS-5)	963/1000	1020/1000 (NFHS-5)
7	Sex Ratio at birth	984/1000 (NFHS-5)	950/1000	929/1000 (NFHS-5)
8	Prevalence of Leprosy	0.24/10000	<1/10000	0.45/10000
9	No of FRU's to made functional (DH/SDH/CHC	29	34	-
10	No of PHC to be made functional as 24X7X365	87	100	-
11	Sustain 83% Sucess rate under TB DOTs			Sucess rate= 83%

प्रगति विवरण

व्यवस्थापक ढांचा

उत्तराखण्ड राज्य में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) को प्रभावी रूप से लागू करने के लिये मा0 मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता, में राज्य स्वास्थ्य मिशन (State Health Mission) गठित है। मिशन के अर्न्तगत मा0 स्वास्थ्य मंत्री, उपाध्यक्ष तथा प्रमुख सचिव/सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य संयोजक के रूप में नामित हैं। मिशन के अर्न्तगत सांसदों की अध्यक्षता वाली जिला विजिलैन्स एवं मॉनिटरिंग कमेटी का भी गठन राज्य में किया गया है।

जनपद स्तर पर समस्त 13 जनपदों में जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता मे जिला स्वास्थ्य मिशन (District Health Mission) गठित है। उत्तराखण्ड राज्य में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के क्रियान्वयन की सम्पूर्ण जिम्मेदारी उत्तराखण्ड हैल्थ एण्ड फैमिली वेलफेयर सोसायटी की है, समिति में अधिशासी निदेशक (Executive Director) के पद पर एक आई0ए0एस0 अधिकारी तैनात हैं, जिन्हें अपर सचिव स्वास्थ्य के साथ–साथ पदेन मिशन निदेशक के पद पर तैनात किया गया है। राज्य, जनपद एवं ब्लॉक स्तरों पर मिशन की गतिविधियों के संचालन हेतु क्रमशः राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई (SPMU), जिला प्रबन्धन इकाई (DPMU) एवंविकासखण्ड प्रबन्धन इकाई ¼BPMU)की स्थापना की गई है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की महत्वपूर्ण योजनाऐं एवं कार्यक्रम

जननी सुरक्षा योजना

योजना का उद्देश्य संस्थागत प्रसवों को बढ़ावा देते हुए मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना है। यह एक केन्द्र पोषित योजना है एवं इस योजना के तहत सरकारी अस्पतालों के सामान्य वार्डों में महिलाओं को प्रसव हेतु एवं आशा को अर्भवती की सहायता के लिये प्रात्साहन राशि दिये जाने का प्रावधान निम्नवत है –

	लाभार्थी को	आशा कार्यकर्ता को	कुल
ग्रामीण क्षेत्रों में :	रू0 1400	600	2000
शहरी क्षेत्रों में :	रू0 1000	400	1400

इसके अतिरिक्त बी0पी0एल0 परिवारों की महिलाओं को गर्भवती होने पर रू0 500 न्यूट्रीशन (पोषाहार) के लिए प्रदान किये जाते हैं। इस हेतु उपकेन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं जिला चिकित्सालयों के सामान्य वार्डों में कराये गये प्रसवों में यह धनराशि देय होगी।

जननी सुरक्षा योजना वित्तीय वर्ष 2021–22 तक की जनपदवार उपलब्धियांः–

जनपद	महिलाओं को दिया गया लाभ (महिलाओं की संख्या)
अल्मोड़ा	4452
बागेश्वर	2497
चमोली	2542
चम्पावत	2126
देहरादून	10247
हरिद्वार	8293
नैनीताल	10440

पौडी	7735
पिथौरागढ़	3732
रूद्रप्रयाग	2385
टिहरी	4889
यू0एस0नगर	11217
उत्तरकाशी	3336
कुल योग	**73891**

जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम (जे0एस0एस0के0)–सरकारी अस्पतालों मे निःशुल्क प्रसव को बढावा देने के लिए यह योजना संचालित की गई है जिसके अन्तर्गत निम्न सेवायें प्रदान की जा रही हैं–

गर्भवती महिलाओं के लिए–

1. निः शुल्क प्रसव एवं सिजेरियन ऑपरेशन।
2. निःशुल्क दवाऐं एवं सामग्री।
3. निःशुल्क जॉच सुविधाऐं (रक्त, पेशाब की जॉच तथा सोनोग्राफी इत्यादि)।
4. निःशुल्क भोजन अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान।
5. निःशुल्क खून की उपलब्धता।
6. किसी भी प्रकार की सेवा शुल्क से छूट।
7. निःशुल्क परिवहन घर से अस्पताल तक, अस्पताल से उच्च/अन्यत्र रेफरल करने पर एवं चिकित्सालय से जच्चा–बच्चा को घर तक पहुॅचाने की सुविधा।
8. प्रसव पूर्व, प्रसवोपरांत होने वाली जटिलताओं का निःशुल्क इलाज।

बीमार नवजात शिशु के लिए (जन्म के बाद एक वर्ष तक)–

1. निःशुल्क इलाज।
2. निःशुल्क दवाऐं एवं सामग्री।
3. निःशुल्क जॉच सुविधाऐं।
4. निःशुल्क खून की उपलब्धता।
5. किसी भी प्रकार की सेवा शुल्क से छूट।
6. निःशुल्क परिवहन घर से स्वास्थ्य संस्थान तक, स्वास्थ्य संस्थान से रेफरल करने पर एवं चिकित्सालय से घर तक पहुॅचाने की सुविधा।

उक्त योजना का क्रियान्वयन 15 जून 2011 से किया गया था एवं वित्तीय वर्ष 2021–22 की प्रगति निम्नवत है :–

1. गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत जिन्हें निःशुल्क औषधियां प्रदान की गई–81 %
2. गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत जिन्हें निःशुल्क जांच की सुविधा प्रदान की गई–98%
3. गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत जिन्हें निःशुल्क भोजन प्रदान किया गया–92 %

मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल के लिए आर.सी.एच. पोर्टल

(Mother & Child Tracking /Reproductive and Child Healthcare– RCH Portal)

राज्य में Mother Child Tracking System अक्टूबर 2010 में भारत सरकार द्वारा लागू किया गया है जिस हेतु राज्य, जिला एवं ब्लॉक प्रबन्धन इकाईयों की टीम को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। सभी इकाईयों को माताओं तथा बच्चों की ऑन लाइन एन्ट्री हेतु यूजर नेम और पासवर्ड दिए गये हैं। विगत वर्ष दिसम्बर 2021–22 तक 173854 (81. 49%)गर्भवती माताओं एवं 153888 (82.92%) शिशुओं की मातृ एवं शिशु Tracking प्रणाली में ऑन लाइन पंजीकरण की जा चुकी है। Mother Child Tracking System को प्रभावी बनाये जाने हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरन्तर ही ब्लाक स्तर पर कार्यरत ए0एन0एम को प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। उक्त का प्रयोजन मातृ एवं शिशु को प्रदत्त स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढीकरण किया जा सके। वर्तमान में दिनाकं 20 दिसम्बर 2018 से राज्य में Mother Child Tracking System portal (MCTS)केस्थान पर Reproductive and Child Health, Portal Launch (RCH)किया गयाहै।

स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली

Health Management Information System (HMIS) –

राज्य में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति को संकलित एवं उसका विश्लेषण करने के लिये HMIS कार्य कर रही है भारत सरकार के सहयोग से 2008 से HMIS व्यवस्था कार्य कर रही है जिसके माध्यम से चिकित्सा इकाईयों की मासिक स्तर पर मौलिक उपलब्धियाँ संकलित की जा रही हैं तथा उनका विश्लेषण भी किया जा रहा है।इस कार्य हेतु राज्य, जिला एवं ब्लॉक प्रबन्धन इकाईयों की टीम को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। सभी इकाईयों को ऑन लाइन एन्ट्री हेतु यूजर नेम और पासवर्ड भी दिए गया हैं। Health Management Information System को प्रभावी बनाये जाने हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरन्तर ही ब्लाक स्तर पर कार्यरत ए0एन0एम को एवं ब्लॉक प्रबन्धन इकाईयों की टीम को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। उक्त का प्रयोजन सभी चिकित्सा ईकाइयों की प्रदत्त स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढीकरण किया जाना है तथा प्रत्येक चिकित्सा ईकाइयों का माषिक भौतिक उपलब्धियों को HMIS पोर्टल पर संकलित किया जाता है। ताकि हर माह चिकित्सा ईकाइयों का माषिक भौतिक उपलब्धियों का विश्लेषण किया जा सके।

ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस

इस योजना के अन्तर्गत प्रत्येक आंगनबाडी केन्द्र पर माह मे एक बार, निश्चित दिवस पर (शनिवार) बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग मिलकर उस गांव की गर्भवती महिलाओं बच्चो, पात्र लक्ष्य दम्पतियो, कुपोषित बच्चो की देखभाल एवं टीकाकरण का कार्य करते हैं। इस दिवस पर सम्बन्धित क्षेत्र की ए0एन0एम0 आंगनबाडी केन्द्र पर जाती है। आंगनबाडी कार्यकर्ती इसकी पूरी व्यवस्था करती है। आशा कार्यकर्ती क्षेत्र से पात्र लाभार्थियों को सूचित कर एकत्रित करने का कार्य करती है। वर्ष 2021–22 तक कुल 78657 ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवसों का आयोजन किया जा चुका है।

आशा कार्यक्रम

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एक केन्द्र पोषित योजना है। जिसमें आशा कार्यक्रम के अन्तर्गत आशा कार्यकत्री एक मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकत्री है। जिसके द्वारा समुदाय में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, परिवार नियोजन, एन.सी.डी., टी0बी0 एवं अन्य सामाजिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान किये जाने में सहयोग एवं जानकारी प्रदान की जाती है। उत्तराखण्ड राज्य में भारत सरकार के मार्गनिर्देशन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करने हेतु ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के पहाड़ी जनपदों में 500 की आबादी पर तथा मैदानी जनपदों में 1000 की आबादी पर आशा कार्यकत्रियों का चयन किया गया है। विगत 16 वर्षों में समुदाय और स्वास्थ्य ईकाई के मध्य आशा कार्यकत्री एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में स्थापित हुई है। उत्तराखण्ड राज्य के सन्दर्भ में जहाँ परिस्थितियाँ भौगोलिक व सामाजिक रूप से अत्यन्त जटिल व दुगर्म हैं वहाँ आशा कार्यकत्रियोंकी भूमिका और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। वर्तमान समय में राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को जन समुदाय तक पहुँचाने की जिम्मेदारी कार्यकत्रियों द्वारा उपकेन्द्र में कार्यरत ए.एन.एम. व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की सहायता से पूर्ण रूप से वहन की जा रही है।
- नवजात शिशु की घर पर देखभाल हेतु एच.बी.एन.सी. भ्रमण में आशा कार्यकत्रियोंके द्वारा माँ व बच्चो की देखभाल किये जाने हेतु आवश्यकता के अनुसार 06 से 07 दौरे बच्चें के जन्म से 42 वे दिन तक किये जाते हैं। संस्थागत प्रसव में आशा कार्यकत्रियोंके द्वारा 06 दौरे किये जाते है व घरों में हुए प्रसव हेतु 07 दौरे किये जाते है। इसी के क्रम में आशा कार्यकत्रियों के द्वारा घर पर आधारित यंग चाइल्ड केयर (एच0बी0वाई0सी0) के अन्तर्गत बच्चों के विकास की देखभार वृद्वि के केयर के सम्बन्ध में 05 माह से 15 माह तक के बच्चों के घर पर 05 भ्रमण किये जाते है।

जनपदवार आशाओं आशा फैसिलिटेटर की संख्या

क्र0सं0	जनपद का नाम	कुल आशा	कुल आशा फैसिलिटेटर
1.	देहरादून	1449	72
2.	हरिद्वार	1730	68
3.	टिहरी	1081	35
4.	पौडी	1010	56
5.	चमोली	663	42
6.	नैनीताल	1030	66
7.	पिथौरागढ	983	59
8.	उधमसिंह नगर	1346	72
9.	अल्मोडा	943	48
10.	उत्तरकाशी	627	37
11.	रुद्रप्रयाग	346	18
12.	बागेश्वर	451	16
13.	चम्पावत	359	17
कुल योग		12018	606

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत आशा कार्यकत्रियों को विभिन्न मदों में दी जाने वाली प्रोत्साहन धनराशि से सम्बन्धित सूची :–			
क्र0स0		गतिविधियाँ	निर्धारित प्रोत्साहन धनराशि
	1	मातृत्व स्वास्थ्य	
1	क	जननी सुरक्षा योजना में प्रसव पूर्व 04 एएनसी जांच करायी गयी महिलाओं की संख्या के अनुसार प्रोत्साहन	ग्रामीण–रु0 300/– एंव शहरी–200 प्रति केस
2	ख	जननी सुरक्षा योजना में सम्पादित करवाये गये संस्थागत प्रसव के लिये	ग्रामीण–रु0 300/– एंव शहरी–200 प्रति केस
3	ग	गर्भवती का बैंक खाता खुलवाने सहित आधार लिंक करवाये जाने वाली महिलाओं की संख्या के अनुसार प्रोत्साहन	रु0 5 प्रति बैक खाता खुलवाने तथा खाते को आधार लिंक करवाने पर
4	घ	गर्भवती महिलाओं हेतु डोली–पालकी के प्रबन्ध के लिये	रु0 400 प्रति केस
5	ङ	समुदाय में हुयी मातृ मृत्यु की सर्वप्रथम एवं सही सूचना देने पर कुल मातृ मृत्यु की संख्या	रु0 1000 प्रति सूचना
	2	शिशु स्वास्थ्य	
6	क	समुदाय में हुयी शिशृ मृत्यु की सही सूचना देने पर कुल शिशु मृत्यु की संख्या	रु0 50 प्रति सूचना
7	ख	एच.बी.एन.सी. भ्रमण किये गये बच्चों की संख्या	रु0 250 प्रति केस
8	ग	एच.बी.वाई.सी. भ्रमण किये गये बच्चों की संख्या	रू0 250 प्रति केस
9	घ	माँ कार्यक्रम में स्तनपान/कम वजन के शिशु की देखभाल के सम्बन्ध मे जानकारी	रु0 100 तीन माह में एक बार
10	ङ	05 वर्ष तक के बच्चों को ओ0आर0एस0 वितरण किये जाने हेतु	रु0 100 वर्ष में एक बार
11	च	1–19 वर्ष के स्कूल न जाने वाले बच्चों को एन.डी.डी. हेतु वर्ष में एक बार मोबिलाईज किये जाने हेतु	रु0 100 वर्ष में एक बार
12	छ	एनआरसी से डिस्र्चाज बच्चों के फॉलोअप हेतु	रु0 150 प्रति बच्चा
	3	किशोर/किशोरियों स्वास्थय कार्यक्रम	
13	क	किशोर/किशोरी दिवस के आयोजन हेतु	रु0 200 प्रति ए.एच.डी.
14	ख	पियर एजुकेटर के चयन किये जाने हेतु	रु0 100 प्रति पियर एजुकेटर
	4	टीकाकरण	
15	क	01 वर्ष तक के बच्चों का पूर्ण टीकाकरण कराये गये बच्चों की संख्या (मीजल्स)	रु0 100 प्रति केस
16	ख	डेढ वर्ष तक के बच्चों का पूर्ण टीकाकरण कराये गये बच्चों की संख्या (बुस्टर)	रु0 75 प्रति केस
17	ग	05 वर्ष के बच्चों को डी0पी0टी द्वितीय बुस्टर का टीका लगवाये गये बच्चों की संख्या	रु0 50 प्रति केस
18	घ	टीकाकरण कराने के लिए सेशन सत्र पहुँचाने तक बच्चों को मोबलाइज करने हेतु	रु0 150 प्रति वी.एच.एन.डी.
19	ङ	डी0पीटी0 बुस्टर द्वितीय डोज	रु0 50 प्रति केस
	5	परिवार नियोजन	

20	क	महिला नसबन्दी हेतु प्रोत्साहित किये गये केसों की संख्या	रु0 200 प्रति केस
21	ख	पुरुष नसबंदी हेतु प्रोत्साहित किये गये केसों की संख्या	रु0 300 प्रति केस
22	ग	प्रसव पश्चात या 07 दिन के अंदर आपरेशन कराये जाने हेतु प्रोत्साहित किये गये केसों की संख्या	रु0 300 प्रति केस
23	घ	पी.पी.आई.यू.सी.डी. की सुविधा हेतु प्रोत्साहित केसों की संख्या	रु0 150 प्रति केस
24	ङ	पी.ए.आई.यू.सी.डी. की सुविधा हेतु प्रोत्साहित किये गये केसों की संख्या	रु0 150 प्रति केस
25	च	विवाहोपरान्त प्रथम बच्चे के जन्म में दो वर्ष के अंतर हेतु प्रोत्साहित किये गये केसों की संख्या	रु0 500 प्रति केस
26	छ	दो बच्चों के जन्म के मध्य तीन वर्ष के अंतर हेतु प्रोत्साहित किये गये केसों की संख्या	रु0 500 प्रति केस
27	ज	दो बच्चों के जन्म पश्चात स्थायी परिवार नियोजन को अपनाने हेतु प्रोत्साहित केसों की संख्या	रु0 1000 प्रति केस
28	झ	अन्तरा इजेंक्शन (DMPA) लाभार्थियों को लगवाये जाने पर	रु0 100 प्रति डोज
29	य	सुरक्षित गर्भपात कराने हेतु प्रेरित करना	रु0 150 प्रति केस
	6	सामूहिक गतिविधियां	
30	क	प्रत्येक छह माह में घरों का सर्वे किये जाने हेतु	रु0 300 प्रति केस
31	ख	प्रतिमाह जन्म व मृत्यु का रिकार्ड बनाये जाने हेतु	रु0 300 प्रति केस
32	ग	प्रतिमाह गर्भवती महिलाओं की सूची बनाये जाने हेतु	रु0 300 प्रति केस
33	घ	प्रतिमाह टीकाकरण के बच्चों की सूची बनाये जाने हेतु	रु0 300 प्रति केस
34	ङ	प्रतिमाह लक्ष्य दम्पति की सूची बनाये जाने हेतु	रु0 300 प्रति केस
35	च	प्रतिमाह गांव में ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति की बैठक आयोजित किये जाने हेतु	रु0 150 प्रति केस
36	छ	पी.एच.सी. की मासिक बैठक में प्रतिमाह प्रतिभाग किये जाने हेतु।	रु0 150 प्रति केस
37	ज	वी.एच.एन.डी. आयोजित किये जाने हेतु	रु0 200 प्रति केस
38	7	आशा हेल्प डेस्क	रु0 150 प्रति हेल्प डेस्क
39	8	पी.एल.ए. बैठक	रू0 100/– प्रति बैठक
	9	मलेरिया	
40	क	मलेरिया रक्त पट्टिका बनाये जाने हेतु	रु0 15/– प्रति रक्त पट्टी
41	ख	मलेरिया रोगी (पी.वी.एवं पी.एफ.) के आमूल उपचार हेतु	रु0 75/– प्रति केस
42	ग	डेंगु रोकथाम हेतु घर–घर जाकर लार्वा निरोधात्मक (सोर्स रिडक्शन) कार्यवाही	रु0 1/– प्रति घर (अधिकतम रू0 1000 तक संक्रमणकाल (माह जुलाई से माह नवम्बर तक) या 05 माह तक
	10	कुष्ठ रोग	
43	क	कुष्ठ रोग की पहचान किये गये केसों की संख्या हेतु	रु0 250/– प्रति केस
44	ख	पी. बी. की सुविधा उपलब्ध कराये केस की संख्या	रु0 400/– प्रति केस
45	ग	एम.बी. की सुविधा उपलब्ध कराये केस की संख्या	रु0 600/– प्रति केस

46	घ	कुष्ठ रोग के सक्रिय मामलों का पता लगाना व नियमित निगरानी करना।	रु0 1000/– चिन्हित क्षेत्र की जनसंख्या की सम्बन्धित आशा कार्यकत्री के स्क्रीनिंग करने पर
	11	टी0बी0	
47	क	टी.बी. के रोगियों का उपचार कोर्स पूर्ण किये गये केस की संख्या	रु0 1000/– प्रति केस
48	ख	टी.बी. के संभावित रोगी को First Informerकी सूचना के आधार पर रेफर किये गये केस की संख्या	रु0 500/– प्रति केस
49	ग	दवा प्रतिरोधक (Drug Resistance) टी.बी. रोगियों का उपचार कोर्स पूर्ण किये गये केस की संख्या	रु0 5000/– प्रति केस
50	12	हैल्थ एवं वेलनेस सेंटर	रु0 1000/– प्रति हैल्थ एवं वेलनेस सेंटर प्रति माह
	13	एन0सी0डी0 कार्यक्रम	
51	क	यूनीर्वसल स्क्रीनिंग ऑफ कॉमन समुदाय आधारित चेकलिस्ट (सी.बी.ए.सी.) भरे गये प्रपत्र की संख्या	रु0 10/– प्रति स्क्रीन्ड व्यक्ति
52	ख	मरीजों को स्वास्थ्य केन्द्र में समय–समय पर स्वास्थ्य जॉच करवाये गये मरीजों की सख्यां	रु0 100/– प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष

- उपरोक्त के अतिरिक्त आशा कार्यकत्रियों को राज्य सरकार के द्वारारू0 3000/– (रूपये तीन हजार मात्र) प्रतिमाह तथा रू0 300/–Performance linked based incentive दिया जा रहा है। आशा फैसिलिटेटरों को (कुल 20 भ्रमण प्रतिमाह के सीमान्तर्गत) रू0 100/– प्रतिभ्रमण (अर्थात रू0 2000/– प्रतिमाह) दिये जा रहे है।

- शासनादेश संख्या 291/XXVIII-4-2014-16/2014दिनांक 04 मार्च 2014 के अनुसार आशा कार्यकत्रियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उनकी शैक्षिक योग्यता के आधार पर निम्नानुसार अधिमान प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया।
  - आशा कार्यकत्रियों को प्रोत्साहन के उद्देश्य से उनकी शैक्षिक योग्यता के आधार पर स्वास्थ्य विभाग में की जाने वाली श्रेणी–3 की समस्त नियुक्तियों में 15 प्रतिशत का अधिमान दिया जायेगा।
  - 12वी उर्त्तीण आशाओं को ए0एन0एम0 व जी0एन0एम0 कोर्स हेतु लिखित परीक्षा में 15 प्रतिशत का अधिमान देते हुये वरीयता प्रदान की जायेगी।

वी0एच0एस0एन0सी0–: भारत सरकार चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली के द्वारा प्रख्यापित की गयी गाइडलाइन एंव उत्तराखण्ड शासन पंचायतीराज अनुभाग–1 संख्या –/XII (1)–2015–86(38)/2008 देहरादून दिनांक 19 दिसम्बर 2015 जारी अधिसूचना के अनुसार राज्य के अन्तर्गत 14915 वी0एच0एस0एन0सी0 (ग्रमीण स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति) का गठन किया गया है। एक ग्रमीण स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति में कम से कम 15

सदस्य रखे गये है। समिति की अध्यक्ष गांव की महिला पंचायत प्रतिनिधि व सदस्य सचिव आशा कार्यकत्री को बनाया गया है। ग्रमीण स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति की मासिक बैठकों में ग्राम स्वास्थ्य कार्ययोजना तैयार की जाती है, एंव स्वच्छता एवं पोषण सम्बन्धित कार्य किये जाते है तथा समुदाय एवं जरूरतमंद लोगों को सहयोग प्रदान किया जाता है।

कम्यूनिटी एक्शन फॉर हेल्थ–: स्वास्थ्य के लिए सामुदायिक प्रयास राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की एक प्रमुख रणनीति है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य के प्रति समुदाय की सक्रियता और भागीदारी को बढाना है। इस प्रक्रिया के माध्यम से समुदाय और सेवा प्रदाताओं द्वारा सेवाओं की गुणवत्ता की नियमित रूप से जांच होती है, जिससे उनकी कार्यक्षमता और जवाबदेही बढें। राज्य के अन्तर्गत समस्त जनपदों में कम्यूनिटी एक्शन फॉर हेल्थ कार्यक्रम को संचालित किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत संचालित किये जा रहे समस्त कार्यक्रमों से लिए गये प्रश्नों को संकलित करने के उपरान्त राज्य स्तर पर तैयार किये गये Community enquire Toolkit के माध्यम से समस्त जनपदों के विकासखण्डों में सामुदायिक पूछताछ की जाती है। विगत वर्षो में सम्पादित किये गये जनसंवाद के उपरान्त निम्न फायदे हुए है–

- स्वास्थ्य अधिकार, सरकारी सेवाओं और योजनाओं के बारे मे जागरूकता व उनके उपयोग में वृद्वि।
- सेवाओं की समुदाय में पहुंच और गुणवत्ता में सुधार।
- ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति (वी0एच0एस0एन0सी0) के द्वारा स्थानीय प्राथमिकताओं के आधार पर ग्राम स्वास्थ्य कार्ययोजना तैयार करना।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के महत्वपूर्ण घटक

अनटाइड फण्ड एवं वार्षिक अनुरक्षण सहायता
क. उपकेन्द्रों हेतु अनटाइड फण्ड एवं वार्षिक अनुरक्षण ग्रान्ट

उपकेन्द्रों को सृढ़ृढ़ करने के दृष्टिकोण से राज्य के उपकेन्द्रो को अनटाइड फन्ड मद में धनराशि उपलब्ध कराई गई है जिसे ग्राम प्रधान एवं ए0एन0एम0 की संयुक्त जिम्मेदारी (संयुक्त खाता) के तहत उपकेन्द्र में व्यवस्थात्मक सुविधाओं को ठीक किये जाने, गांवो के स्वास्थ्य सर्वेक्षण या फिर छोटी मरम्मत हेतु व्यय किये जाने का प्राविधान हैं। वित्तीय वर्ष 2021–22 में राज्य के 707 SHC-HWCको रू0– 50 हजार की दर से, 187SHC-HWCको रू0– 30 हजार की दर से, 845 उपकेन्द्रों को रू0–10 हजार की दर से तथा 1193 उपकेन्द्रों को Annual Maintenance Grantहेतु रू0– 10 हजार की दर से इस प्रकार कुल रू0– 613.40 लाख की धनराशि उपकेन्द्रों को अनटाइड फण्ड एवं Annual Maintenance Grant हेतु निर्गत की गई है।

ख. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जिला एवं उप जिला चिकित्सालयो हेतु अनटाइड फण्ड
राज्य के समस्त क्रियाशील जिला चिकित्सालयों, उप जिला चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में वित्तीय वर्ष 2021–22 में निम्न तालिकानुसार अनटाइड फण्ड निर्गत किया गया–

क्रम संख्या	चिकित्सा इकाई का नाम	धनराशि
1	जिला चिकित्सालय	5 लाख प्रति जिला चिकित्सालय
2	उप जिला चिकित्सालय	2.5 लाख प्रति उप जिलाचिकित्सालय
3	सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र	2.5 लाख प्रति सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र
4	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र	87,500 प्रति प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र

24 ×7 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओ के दृष्टिगत वर्तमान में कुल 75 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कार्यरत है। जिसके अन्तर्गत ओ0पी0डी0, आई0पी0डी0 एवं डिलीवरी से सम्बन्धित सेवाऐं प्रदान की जाती है। चयनित 75 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में से 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र MNH Toolkit में दिए गए मापदण्डों को पूरा करते है, शेष चिकित्सा इकाईयों हेतु प्रयास जारी है।

इन केन्द्रों पर निम्नलिखित सेवाओं का प्रावधान हैः–

- ओ0पी0डी0, आई0पी0डी0
- डिलीवरी रूम
- आवश्यक उपकरण
- बिजली, पानी व शौचालयों की व्यवस्था।

राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन**(Urban Health Mission)**

प्रस्तावना– यह विदित है कि उत्तराखण्ड राज्य में लगभग 30 प्रतिशत जनसंख्या शहरी क्षेत्र में रहती है। शहरी क्षेत्रों मे रहने वाली जनता को चिकित्सकीय सेवायें उपलब्ध कराने के लिए शहरों में 38 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित की जा रही है। जिनमे से 27 एन0जी0ओ0 के माध्यम से देहरादून, हरिद्वार, रूडकी एवं हल्द्वानी में स्थापित की गई है, एवं 11 गर्वनमेंट मोड मे देहरादून जिले के ऋषिकेश में 2, पौड़ी जिले के कोटद्वार में 1, सालेमपुर रूड़की में 1, बनफूलपुरा हल्द्वानी में 1, रूद्रपुर में 3, काशीपुर में 2 एवं जसपुर में 1 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित की जा रही है। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रविवार को छोड़कर प्रत्येक दिन प्रातः 9:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक सेवाएं प्रदान करते है। इस योजना के संचालन के लिए देहरादून, हल्द्वानी , रूड़की एवं हरिद्वार में एक–एक अरबन हैल्थ मैनेजमेंट यूनिट भी स्थापित गई है जो सम्बन्धित जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी के अधीन कार्य करती है। इन UPHC को शहर की Slum Populationक्षेत्रों में ही स्थापित किया गया है।

शहरी स्वास्थ्य मिशन के उद्देश्य –

1. शहरी क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराना।
2. सभी गर्भवती महिलाओ, बच्चों की देखभाल, टीकाकरण, ए.एन.सी.,पी.एन.सी. सेवायें देना एवं परिवार कल्याण की स्थाई तथा अस्थाई विधियों हेतु पात्र दम्पतियों को प्रेरित करना।
3. अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों को अपने–अपने क्षेत्र में संचालित करना इत्यादि।
4. सभी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में हैल्थ एण्ड वैलनेश सेंटर भी संचालित किये जा रहे है।

शहरी स्वास्थ्य केन्द्रों पर निम्नलिखित स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की जाती है –

आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएँ		
क0सं0	कार्यक्रम विवरण	प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य सेवाऐं
1	मातृ स्वास्थ्य	गर्भवती माताओं का पंजीकरण, प्रसव पूर्व देखभाल, महिलाओं की जांच उन्हें संस्थागत प्रसव हेतु रेफरल सुविधा तथा प्रसव पश्चात फॉलो–अप।
2	परिवार कल्याण	गर्भनिरोधक गोलियां एवं निरोध तथा IUCD सेवाओं की उपलब्धता एवं वितरण।
3	बाल स्वास्थ्य एवं पोषण	शिशुओं एवं बाल रोगों का निदान एवं उपचार, टीकाकरण, ओ0आर0एस0 का वितरण।
4	आर0टी0आई0 / एस0टी0आई0 (एच0आई0वी0 / एडस)	बिमारियों की पहचान कर उनका उपचार करना एवं जटिल मामलों में रेफरल।
5	पोषण की कमी के विकार	कुपोषण के मरीजों का उपचार एवं जटिल रोगियों का रेफरल।
6	वेक्टरजनित रोग	वेक्टरजनित रोगो का निदान एवं उपचार।
7	मानसिक स्वास्थ्य	स्क्रीनिंग और रेफरल।
8	मुँह से सम्बन्धित परेशानियॉ	रोग का निदान एवं रेफरल।
9	सुनाई न देना / बहरापन	स्क्रीनिंग और रेफरल।
10	सीने का इनफेक्शन (टी0वी0 / दमा)	रोग का निदान कर चिकित्सा उपचार करना एवं जटिल स्थिति में रेफरल।
11	हृदय रोग एवं Hypertension	स्क्रीनिंग, निदान, उपचार एवं जटिल मरीजों का रेफरल।
12	शुगर	स्क्रीनिंग, निदान, उपचार एवं जटिल मरीजों का रेफरल।
13	कैंसर	स्क्रीनिंग और रेफरल।

14	सामान्य रोग	निःशुल्क जॉच, उपचार एवं निःशुल्क दवाइयॉ प्रदान की जाती है।
15	जख्मों का उपचार	प्राथमिक चिकित्सा उपचार, आपातकालीन और रेफरल।

वित्तीय– वर्ष 2021–22 में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत उत्तराखण्ड राज्य के 05 जनपदों में 38 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया, जिनमें 27 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को पी0पी0पी0 मोड में एवं 11 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को गर्वमेंट मोड में संचालित किया जा रहा है। हरिद्वार जिले के भूपतवाला में 1 शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण का कार्य प्रगति में है।

108 आपातकालीन सेवा :–

उत्तराखण्ड राज्य में 108 आपातकालीन सेवा का संचालन 8 मार्च 2008 से किया जा रहा है।

1. 108 आपातकालीन सेवा मुख्य रूप से एक आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली है। जिसके माध्यम से गम्भीर रूप से रोगग्रस्त, दुर्घटना ग्रस्त आदि रोगियों को आपातकालीन चिकित्सा तथा निकटतम चिकित्सालय तक निशुल्क छोड़ने की सुविधा दी जाती है।
2. इसके अतिरिक्त 102 खुशियों की सवारी सेवा का उपयोग जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत गर्भवती महिलाओं और 0–1 वर्ष तक के बीमार बच्चों को निशुल्क घर से अस्पताल छोड़ने की सुविधा दी जाती है। इस सेवा के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2021–22 में 51023 गर्भवती महिलाओं को सेवा का लाभ प्रदान किया गया है।
3. वर्तमान में 108 आपातकालीन सेवा के बेड़े में 217BasicLifeSupport (BLS) Ambulance तथा 54AdvanceLifeSupport (ALS) Ambulance कार्य कर रहे है, जिसकी सुविधाओं का उपयोग 108 पर कॉल करके लिया जा सकता है।
4. वित्तीय वर्ष 2021–22 में कुल 1,58,071 मरीजों को अस्पताल तक छोड़ने की सुविधा दी गई है। वित्तीय वर्ष 2021–22 में 46063 गर्भवती महिलाओं व 3748 बीमार बच्चों को अस्पताल तक छोड़ने की सुविधा दी गई है।

मोबाईल मेडिकल यूनिट

1. उत्तराखण्ड राज्य में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत मोबाईल मेडिकल यूनिट का संचालन वर्ष 2009 से किया जा रहा है।
2. मोबाईल मेडिकल यूनिट के द्वारा उत्तराखण्ड राज्य के सुदूरवर्ती, दुर्गम, असेवित ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा रही है। मोबाईल मेडिकल यूनिट कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को आम जन के घरों तक पहुचाना है।
3. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत उत्तराखण्ड राज्य में 17 मोबाईल मेडिकल यूनिट (CAPEX+OPEX Model) में स्वीकृत है।
4. मोबाईल मेडिकल यूनिट के द्वारा प्रत्येक माह निश्चित तिथियों पर, माह के 22 दिन विभिन्न ब्लाकों में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। जिसके माध्यम से उत्तराखण्ड के निवासियों को चिकित्सा सुविधाए प्रदान की जाती है।
5. वित्तीय वर्ष 2021–22 में 17 मोबाईल मेडिकल यूनिट का संचालन 11 जनपदों में HLFPPT संस्था द्वारा किया जा रहा है।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम

राज्य में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत नवजात शिशुओं एवं बच्चों में विभिन्न प्रकार के रोगों की अतिशीघ्र पहचान कर उचित उपचार किया जाता है। उक्त कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग एवं शिक्षा विभाग के साथ समन्वयन कर संचालित किया जा रहा है।

कार्यक्रम के उद्देश्य–

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बच्चों में निम्न चार प्रकार की व्याधियों की अतिशीघ्र पहचान, सन्दर्भण एवं उपचार की सुविधा प्रदान करना–

1– जन्मजात विकार एवं अनुवाशिंक रोग। (Birth Defect)

2– बच्चों में बीमारियां। (Diseases)

3– अल्पता विकार की परिस्थितियां। (Deficiencies)

4– बच्चों के विकास में अवरोध एवं विकलांगता की स्थितियां। (Development Delays)

कार्यक्रम की रूपरेखा

वर्तमान में राज्य के सभी 13 जनपदों में 148 मोबाईल हैल्थ टीमें कार्य कर रही हैं। इन मोबाईल हैल्थ टीमों में 2 आयुष चिकित्सक,एक स्टॉफ नर्स एवं एक फार्मासिस्ट कार्यरत हैं। सभी 13 जनपदों में 15 कार्यक्रम प्रबन्धक कार्यरत हैं, जो कि जनपद स्तर पर कार्यक्रम की मॉनिटरिंग करते हैं।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मोबाईल हैल्थ टीमों द्वारा बच्चों को निम्नानुसार चिन्हित किया जाता है।

1. ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के आंगनवाड़ी में पंजीकृत बच्चों को लाभ मिलता है।
2. सरकारी एवं शासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों के कक्षा 1–12 तक एवं 18 वर्ष तक की आयु के सभी पंजीकृत बच्चे इस कार्यक्रम से आच्छादित हैं। यहां पर वर्ष में एक बार स्वास्थ्य टीम जाती है और परीक्षण उपरान्त उच्च चिकित्सा इकाई पर विशिष्ट उपचार के लिए ग्रसित बच्चों को संदर्भित कर रही है।
3. 06 सप्ताह तक का नवजात शिशु, जिसने सरकारी चिकित्सालय अथवा घर पर जन्म लिया है। समुदाय स्तर पर घर में जन्मे 06 सप्ताह तक के शिशु में जन्मांगत विकृति के परीक्षण के लिए आशा को प्रशिक्षित किया गया है।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अर्न्तगत चिन्हित बच्चों के तृतीयक स्तरीय शल्य चिकित्सा की व्यवस्था निम्न चिकित्सा संस्थाओं पर निःशुल्क उपलब्ध हैं।

1. हिमालयन हॉस्पीटल ट्रस्ट, जौली ग्रान्ट, देहरादून
2. एम्स चिकित्सालय, ऋषिकेश
3. श्रीराम मूर्ति स्मारक मेडिकल कॉलेज, बरेली।
4. राजकीय दून मेडिकल कॉलेज, देहरादून।
5. क्योर इंडिया, देहरादून।
6. मिशन स्माईल, देहरादून।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आर0बी0एस0के0) की प्रगति

S.No.	Surgeries	2021-22 (April – March 22)
1	Club foot	243
2	Congenital Heart Disease	43
3	Neural Tube Defect	20
4	Hearing Impairment	22
5	Eye Impairment	11
6	Cleft lip and palate	40
7	Developmental dysplasia of hip	01
	Total Surgeries	**380**

जिला स्तरीय अतिशीघ्र हस्तक्षेप का विवरण**(District Early Intervention Centres)**

- आर0बी0एस0के0 कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय अतिशीघ्र हस्तक्षेप केन्द्रों का गठन 05 जिलों क्रमशः देहरादून, हरिद्वार, अल्मोडा, ऊधमसिंहनगर एवं नैनीताल में कार्यशील है। वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु जनपद उत्तरकाशी में केन्द्र के निर्माण हेतु भारत सरकार को प्रस्ताव प्रेषित किया गया है।

- अतिशीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र पर तैनात होने वाले चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ का विवरण Composition of Teamनिम्न प्रकार है–

S.No	Professionals	No.	S.No	Professionals	No.
1	Pediatrician	1	7	Optometrist	1
2	Medical Officer	1	8	Early Interventionist cum Special Educator cum Social Worker	1
3	Dental Doctor	0	9	Lab Technician	2
4	Physiotherapist	1	10	Dental Technician	1
5	Audiologist & Speech Therapist	1	11	Manager	1
6	Psychologist	1	12	Data Entry Operator	1

आर0बी0एस0के0 कार्यक्रम के अर्न्तगत कार्यरत सभी टीमों द्वारा उच्च शल्य चिकित्सा हेतु संन्दर्भित बच्चों का सन्दर्भण एवं फालोअप उक्त डी0ई0आई0सी0 केन्द्रों के माध्यम से किया जाता है।

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम

वर्ष 2021–22 में राज्य के 13 जनपदों में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य का संचालन किया जा रहा है जिसमें राज्य के छः जनपदों (देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी, टिहरी, उधमसिंह नगर तथा नैनीताल) में पूर्ण रूप से तथा सात जनपदों में आशिंक रूप से (मात्र जिला चिकित्सालयों पर) राज्य 72 कांउसलरो एवं 8800 (PE) साथिया के माध्यम से 10 से 19 वर्ष के तक के सभी किशोर–किशोरियों को सभी प्रकार के व्यक्तिगत स्वास्थ्य शारीरिक विकास एंव मानसिक तनाव पर परामर्श, प्रजनन सम्बन्धित सेवायें, भ्रांतियों का निवारण एंव परामर्श, आहार एंव खानपान सम्बधी परेशनियों का समाधान एंव आयरन के परिशिष्ट (सप्लीमेंटस) मादक द्रव्य के सेवन से होने वाले रोगों से बचाव एंव सलाह , हिंसा (लिंग आधारित) बचाव एंव सलाह तथा जीवन शैली में बदलाव के कारण होने वाले रोगो का उपचार एंव बचाव सम्बन्धी जानकारी प्रदान किया जाना है।

इस कार्यक्रम क अन्तर्गत 51 ब्लॉक स्तरीय किशोर स्वास्थ्य परामर्श केन्द्रों की स्थपना की गई है जिसमें राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर (पौड़ी), देहरादून एंव हल्द्वानी, जिला चिकित्सालय,संयुक्त चिकित्सालय, ब्लॉक स्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सम्मिलित है। किशोर स्वास्थ्य परामर्श केन्द्र के संचालन हेतु 72 किशोर स्वास्थ्य काउंसलरो की नियुक्ति की गई है जिनको राज्य स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। जिनके द्वारा माह अप्रैल से मार्च 2022 तक कुल 82341 किशोर एंव किशोरियों की काउंसलिंग की गई तथा कुल 41514 किशोर तथा किशोरियों को रैफर किया गया।

कार्यक्रम के अन्तर्गत 8800 साथिया (पीयर एजुकेटरों) का चयन आशा के माध्यम से किया जा चुका है जिन्हे ए.एन.एम. के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। तथा इन साथिया (पीयर एजुकेटरों) के माध्यम से ग्राम स्तर पर 3500 किशोर स्वास्थ्य दिवसों तथा 432 किशोर स्वास्थ्य क्लब पर साथिया बैठक का आयोजन किया जायेगा।

Rashtriya Kishore Swasthya Karyakram(RKSK) in Uttarakhand				
Program/F.Year	2020-21		2021-22 (Up to March)	
Content of RKSK	Target	Target	Target	Achievement
Adolescent Friendly Clinic Registration	100000	54257	100000	*82341*
Dissemination and Review Meeting	13	13	13	*13*
Peer Educator Selection	8800	8590	8800	*8800*
A.F.Health Clinic	64	64	64	*62*
School and Community Visit	7488	5617	7488	*6944*
Adolescent Health Day	3500	*3112*	3500	*3441*
Adolescent Friendly Club	4320	3867	4320	*4268*
6 RKSK Districts Haridwar, Pauri, Tehri, Dehradun, Nainital , US Nagar				

School Health Programmeआयुष्मान भारत के अर्न्तगत राज्य के पाँच जनपद (नैनीताल, ऊधमसिंहनगर, टिहरी, हरिद्वार एवं देहरादून) के सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त राजकीय विद्यालयों में स्कूल हैल्थ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है जिसके अन्तर्गत प्रथम चरण में कक्षा 06 से कक्षा 12 तक के बच्चों को स्वास्थ्य एवं दैनिक जीवन के 11 थीम (Growing up Healthy Mental Emotional wellbeing and Health- Interpersonal relationship- values and citizenship- Gender Equality, Nutrition Health and Sanitation- Substance Abuse, Promoting Healthy Lifestyle, Reproductive Healthy and HIV Prevention, Injuries and Violence, Promotion of Safe use of Interny) विषयों पर विद्यालयों में प्रत्येक मंगलवार को अध्यापन गतिविधियों के माध्यम से किया जाएगा। इस कार्यक्रम मे अब तक पाँचों जनपदों के 2349 विद्यलायों के 4297 अध्यापक व अध्यापिका एवं 2321 प्रधानाचार्य का प्रशिक्षण एवं अनुस्थापन किया जा चुका है।

राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम

यह कार्यक्रम भारत में वर्ष 1951 में परिवार नियोजन कार्यक्रम के रूप में प्रारम्भ किया गया था, जिसका मुख्य उददेश्य जनसंख्या का नियोजन करना था। परिवार कल्याण कार्यक्रम का मुख्य उद्धेश्य यह रहा है कि जनसंख्या को राष्ट्रीय विकास व आवश्कयताओं एवं संभव्यताओं के अनुसार स्थिर रखा जाये एवं परिवार सीमित रखा जाए। बाद में इस कार्यक्रम को अधिक असरकारी बनाने के लिए जन–शिक्षा तथा व्यापक प्रचार–प्रचार के माध्यम से परिवार नियोजन कार्यक्रम के उद्धेश्यों एवं लक्ष्यों को प्राप्त करने का प्रयास किया गया तथा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा कड़े निर्णय लिये गये जिसके फलस्वरूप इस कार्यक्रम के प्रति जन–मानस में विरोध उत्पन्न हो गया। वर्ष 1997 से इस कार्यक्रम को पूरी तरह से स्वैच्छिक आधार पर चलाया जा रहा है।

देश–विदेश के अनुभवों से यह सिद्ध हो चुका है कि जनसंख्या वृद्धि सम्बन्धी समस्याओं का वास्तविक समाधान के लिए प्रजनन आयु वाली महिलाओं और 05 वर्ष के छोटे बच्चों के स्वास्थ्य का विशेष महत्व है। अतएव सातवीं पंचवर्षीय योजना 1985–90 के दौरान कार्यक्रम का स्वरूप बदल कर परिवार नियोजन कार्यक्रम के स्थान पर परिवार कल्याण कार्यक्रम शुरू किया गया तथा प्रजनन आयु वाली महिलाओं और 05 वर्ष के छोटे बच्चों के स्वास्थ्य सम्बन्धी आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान दिये जाने लगा। साथ ही इच्छुक दम्पतियों को गर्भ निरोधक और शिशु जन्म अन्तराल सेवाएं उपलब्ध कराने का विशेष प्रयास किया जाने लगा। यह एक केन्द्र पोषित योजना है। परिवार कल्याण कार्यक्रम एक स्वैच्छिक राष्ट्रीय कार्यक्रम है। इसका मुख्य उद्देश्य जनसंख्या वृद्धि दर में कमी लाकर जनसंख्या स्थिरीकरण के निहित लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से प्राप्त करना है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वर्ष 2005 से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अर्न्तगत संचालित किया जा रहा है।

परिवार नियोजन कार्यक्रम को राज्य में सुचारू रूप से संचालित करने के लिए राज्य में निम्नलिखित कार्यवाही की गई है–

- राज्य के बड़े चिकित्सालयों सहित दूरस्थ क्षेत्रों पर स्थापित चिकित्सा इकाईयों में नियमित स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) तैनात है एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत आशा कार्यकत्रियों को उनके कार्य के आधार पर मिलने वाले मानदेय पर नियुक्त की गई है।
- किशोरियों, महिलाओं व बालिकाओं को प्रजनन स्वास्थ्य शिक्षा से सम्बन्धित जानकारी देने व विभिन्न प्रकार की भ्रान्तियों को दूर करने हेतु स्पष्ट जानकारी, जागरूकता बढ़ाने के लिए जनपदों में आर0एम0एन0सी0एच0ए0 काउंसलरों की संविदा पर नियुक्ति की गई है।
- राज्य के जनपदों में तैनात आशा कार्यकत्रियों द्वारा गर्भवती माताओं को गर्भधारण के प्रसवोपरान्त जन्में बच्चे के टीकाकरण तक फालोअप किया जा रहा है।
- परिवार नियोजन कार्यक्रम के अन्तर्गत पुरूषों की भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रत्येक वर्ष विश्व पुरूष नसबन्दी सप्ताह मनाया जा रहा है। दूरस्थ क्षेत्रों में पुरूष नसबन्दी शिविर लगाकर लाभार्थियों को सेवा प्रदान की जा रही है।
- प्रत्येक वर्ष जनसंख्या स्थिरीकरण 11 जुलाई को मनाया जाता है, जिसके अर्न्तगत उत्तराखण्ड राज्य के प्रत्येक जिलो द्वारा परिवार सीमित रखने हेतु परिवार नियोजन की स्थायी विधि/अस्थाई विधि अपनाने के लिए कैम्प लगाकर सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।
- अस्थाई गर्भनिरोधक सामाग्री में महिलाओं के लिए अन्तरा, इन्जेक्टेबिल कॉन्ट्रासेप्टिव(डम्पा) को भी शमिल कर लिया गया है, यह प्रत्येक त्रैमास में लगाया जाता है।
- विगत पांच वर्षो में राज्य में दी गई परिवार नियोजन सेवाओं का विवरण निम्नवत् है–

सेवाएं	वित्तीय वर्ष				
	2017–18	2018–19	2019–20	2020–21	2021–22
महिला नसबन्दी	12529	11926	9482	8690	10750
पुरूष नसबन्दी	362	346	239	154	226
ओरल पिल्स(साइकल)	29331	26479	31981	15328	24959
आई0यू0सी0डी0एपी0पी0 आई0यू0सी0डी0, पी0ए0 आई0यू0सी0डी0 इन्र्सन	57881	51879	39181	32140	34518
कण्डोम(यूर्जस)	62652	55553	33981	21151	41666
अन्तरा, इन्जेक्टेबिल कॉन्ट्रासेप्टिव (डम्पा)	–	1877	3813	4830	8944

- परिवार नियोजन ऑपरेशन के दौरान/उपरान्त होने वाली मृत्यु/जटिलता एवं असफल ऑपरेशन की एवज़ में राज्य में भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार 01 अप्रैल, 2013 से परिवार नियोजन इण्डिमिनिटी योजना उत्तराखण्ड में लागू की गई है जिसमें निम्नानुसार मुआवज़ा दिये जाने का प्राविधान है–

Section	Coverage	Limits
IA	Death following sterilization (inclusive of death during the process of sterilization operation) in hospital or within 7 days from the date of discharge from the hospital.	Rs. 2 lakh
IB	Death following sterilization within 8-30 days from the date of discharge from the hospital.	Rs. 50.000/-
IC	Failure of Sterilization.	Rs. 30.000/-
ID	Cost of treatment in hospital and up to 60 days arising out of complication following sterilization operation (inclusive of complication during the process of sterilization operation) from the date of discharge from the hospital.	Actual Cost but not exceeding Rs. 25,000/-
II	Indemnity per Doctor/Health Facilities but not more than 4 in a year.	Up to Rs. 2 lakh per claim

परिवार नियोजन इण्डिमिनिटी योजना के अन्तर्गत अप्रैल, 2013 से मार्च 2022 तक कुल प्राप्त 767 दावा प्रकरणों में से 473 दावा प्रकरणों का भुगतान किया जा चुका है।

राष्ट्रीय प्रतिरक्षण कार्यक्रम

प्रतिरक्षण/टीकाकरण कार्यक्रम शिशुओं में होने वाली कई जानलेवा बीमारियों से बचाव का सबसे अधिक सुपरिचित एवं असरदार तरीका है। सार्वभौमिक टीकाकरण (यू0आई0पी0) के अर्न्तगत टीकाकरण के माध्यम से सभी बच्चों को जानलेवा बीमारियों से प्रतिरक्षित किया जाता हैं। टीकाकरण कार्यक्रम को उच्च प्राथमिकता प्रदान करते हुये इसे निरन्तर जीवन्त बनाये रखना आवश्यक है जिससे सभी टीका रोधक बीमारियों की सम्भावना को कम किया जा सके और विशेषतः खसरा–रूबेला एवं पोलियो पर नियंत्रण पाया जा सके।

सम्पूर्ण टीकाकरण (अर्थात एक वर्ष की उम्र होने तक शिशु को बी0सी0जी0 का एक टीका, पैन्टावेलेन्ट, रोटावायरस, पी0सी0वी0 और ओ0पी0वी0 के तीन टीके और खसरे (मीजिल्स रूबेला) का टीका लगाये जाने से बच्चे को स्वस्थ जीवन का बेहतर अवसर प्राप्त होता है। प्रतिरक्षण से शिशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित कर के बच्चों में विकार एवं मृत्यु दर को कम किया जा सकता है।

प्रतिरक्षण हेतु किये जाने वाले कार्य

- टीकाकरण की सुविधा समस्त सामु0स्वाकेन्द्र, प्रा0स्वा0केन्द्र, उपकेन्द्र, प्रसवोत्तर केन्द्र, नगरीय स्वास्थ्य केन्द्रों पर उपलब्ध है।
- प्रतिरक्षण कार्यक्रम नियत दिवस प्रणाली (फिक्स–डे एप्रोच) के अनुसार प्रत्येक उपकेन्द्र पर प्रथम बुद्धवार को तथा प्रा0स्वा0 केन्द्रों तथा सामु0स्वा0 केन्द्रों, जिला एवं तहसील स्तर पर प्रत्येक बुद्धवार को टीकाकरण किया जाता है। स्वास्थ्य कार्यकर्ता दूरस्थ एवं असेवित क्षेत्रों में प्रत्येक शनिवार को आयोजित होने वाले वी0एच0एन0डी0 (VHND) में 0–01 वर्ष के प्रत्येक बच्चे को जानलेवा बीमारी से बचाव हेतु टीके लगाती है।
- राज्य में 2021 तक शत–प्रतिशत बच्चों के टीकाकरण के लक्ष्य को प्राप्त किये जाने हेतु समस्त सरकारी एवं नीजि क्षेत्र स्कूलों में प्रवेश के समय टीकाकरण प्रमाण–पत्र के अनिवार्ता नीति को लागू किया गया है।
- प्रतिरक्षण कार्यक्रम की उच्च स्तर सेवायें प्रदान किये जाने के उद्धेश्य से सभी स्तरों पर (ए0एन0एम0 से लेकर चिकित्साधिकारी तक) प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।
- राज्य में वर्ष 2010 से कोई पोलियो का केस नहीं पाया गया है और वर्ष 2014 में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा देश को पोलियो मुक्त घोषित किया जा चुका हैं। भारत सरकार के निर्देशानुसार पोलियो नियंत्रण के लिये एन0आई00डी0/एस0एन0आई0डी0 अभियानों का आयोजन किया जा रहा है।
- उत्तराखण्ड राज्य में पैन्टावेलेट वैक्सीन को नियमित टीकाकरण में माह जनवरी, 2015 में सम्मलित किया गया है, इन–एक्टीवेटेड पोलियो वैक्सीन (आई0पी0वी0) को माह अप्रैल 2016, रोटा वायरस वैक्सीन को माह अगस्त 2019 और पी0सी0वी0 को माह जून 2021 सें नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में सम्मलित कर बच्चों को नियमित रूप से लाभान्वित किया जा रहा है।
- उत्तराखण्ड राज्य में भारत सरकार एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन के संकल्प के अनुसारदेश से वर्ष 2020 तक मीजिल्स का उल्मूलन तथा रूबेला पर नियंत्रण प्राप्त किया जाना है। इसको दृष्टिगत रखते हुये भारत सरकार के निर्देशानुसार समस्त 09 माह से 15 वर्ष तक के बच्चों को लक्ष्य मानते हुये सम्पूर्ण राज्य में 30 अक्टूबर, 2017 से 31 जनवरी, 2018 तक मीजिल्स–रूबेला वेक्सीनेशन अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान में 2835658 लक्षित बच्चों के सापेक्ष 2876211 बच्चों को लाभान्वित किया गया।
- मिशन इन्द्रधनुश अभियान के अन्तर्गत राज्य से जनपद हरिद्वार का चयन किया गया है। अभियान का चतुर्थ चरण जनपद हरिद्वार में 07 अप्रैल, 2017 से आगामी 04 माहों तक प्रत्येक माह की 07 तारीख से आगामी 07 दिनों तक आयोजित किया गया, जिसकी उपलब्धि निम्नानुसार है–

वर्ष 2017–18

माह	आयोजित सत्र			गर्भवती महिलायें			बच्चे		
	कुल आयोजनागत सत्रों की संख्या	उपलब्धि	प्रतिशत	गर्भवती महिलाओं की कुल संख्या	उपलब्धि	प्रतिशत	0 से 02 वर्ष तक के बच्चों की संख्या	उपलब्धि	प्रतिशत
अप्रैल, 2017	734	723	98-5	2903	3438	118.4	11722	10302	87.9
मई, 2017	949	951	100-2	3032	3295	108.7	11904	10488	88.1
जून, 2017	870	870	100	2379	2232	93.8	10186	8741	85.8
जुलाई, 2017	751	751	100	2260	2740	121.2	9557	8053	84.3

- मिशन इन्द्रधनुष अभियान के पांचवे चरण को ''सघन मिशन इन्द्रधनुष''(**Intensive Mission Indradhanush**) नाम दिया गया है।

  भारत सरकार के निर्देशानुसार सघन मिशन इन्द्रधनुष देश के उन चिन्हित राज्यों एवं जनपदों मे संचालित किया गया जहां पर पूर्ण टीकाकरण से अधिकांश बच्चे छूट रहे हैं। उत्तराखण्ड राज्य में जनपद हरिद्वार का चयन इय अभियान के अन्तर्गत किया गया है। टीकाकरण से छूटने वाले बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं तक पंहुचने के लिए दिनांक 08 अक्टूबर, 2017 से आगामी 04 माह तक प्रत्येक माह के 07 कार्य दिवसों अर्थात जनवरी, 2018 तक जनपद हरिद्वार में भारत सरकार द्वारा ''सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान'' का संचालन किया गया। आयोजित किये गये चरणों की उपलब्धि निम्नवतहै–

माह	आयोजित सत्र			गर्भवती महिलायें			बच्चे		
	कल आयोजनागत सत्रों की संख्या	उपलब्धि	प्रतिशत	गर्भवती महिलाओं की कुल संख्या	उपलब्धि	प्रतिशत	0 से 02 वर्ष तक के बच्चों की संख्या	उपलब्धि	प्रतिशत
अक्टूबर, 2017	758	757	99.9	2940	2938	99.9	14131	11252	79.6
नवम्बर, 2017	675	671	99.4	2131	2342	109.9	9535	7637	80.1
दिसम्बर, 2017	675	648	96.0	1876	2096	111.7	10487	7809	74.5
जनवरी, 2018	759	759	100.0	2037	3051	149.8	16881	11773	70.0

***** दिसम्बर माह में मीजिल्स वैक्सीन की प्रथम एवं द्वितीय डोज मीजिल्स रूबेला अभियान के कारण बच्चों को नहीं दी गयी, जिस कारण इस का प्रतिशत कम रहा है।

- भारत सरकार द्वारा नियमित टीकाकरण के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु ग्रामीण/शहरी क्षेत्र के ऐसे ग्रामों/स्थानों का चयन किया गया है जो दूरस्थ, हाई रिस्क, निर्माण क्षेत्रों, ईंटभट्टे वाले क्षेत्रों, जहाँ पर ए0एन0एम0 कार्यरत न हो और जहाँ पर टीकाकरण शून्य या आंशिक रूप से कम हो का चयन कर ''मिशन इन्द्रधनुष''/''सघन मिशन इन्द्रधनुश'' कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चों को लाभान्वित किया गया है। राज्य में मिशन इन्द्रधनुष की सफलता को देखते हुए भारत सरकार द्वारा माह अक्टूबर, 2018 से इस राष्ट्रीय अभियान से राज्य को बाहर कर दिया गया था।
- राज्य में प्रतिरक्षण कार्यक्रम की 95 प्रतिशत की उपलब्धियॉ प्राप्त करने के उद्देश्य से Vacant Sub-center, Underserved population, Urban Slums एवं HRG sitesपर विशेष सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान के भॉति प्रत्येक माह के चतुर्थ सप्ताह में Intensified Immunization Campaign आयोजित किये जाने का निर्णय किया गया है।

- भारत सरकार के निर्देशानुसार बच्चों एवे गर्भवती माताओं को लगाये जाने वाले टी0टी0 वैक्सीनको टी0डी0 वैक्सीन में परिवर्तित किया जा चुका है। जिसके लिए राज्य स्तर पर कार्यशाला आयोजित कर जनपद के समस्त अधिकारियों को तद्नुसार प्रशिक्षण प्रदान करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं।
- मिशन इन्द्रधनुष अभियान के छठें चरण को ''सघन मिशन इन्द्रधनुष'' (**Intensive Mission Indradhanush 2.0**) नाम दिया गया है।

  भारत सरकार के निर्देशानुसार सघन मिशन इन्द्रधनुष 2.0 देश के उन चिन्हित राज्यों एवं जनपदों मे संचालित किया गया जहां पर पूर्ण टीकाकरण से अधिकांश बच्चे छूट रहे हैं। उत्तराखण्ड राज्य में 10 जनपदों का चयन इस अभियान के अन्तर्गत किया गया है। टीकाकरण से छूटने वाले बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं तक पंहुचने के लिए दिनांक 02 दिसम्बर, 2019 से आगामी 04 माह तक प्रत्येक माह के 07 कार्य दिवसों अर्थात मार्च, 2020 तक राज्य के 10 जनपदों में भारत सरकार द्वारा ''सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान 2.0'' का संचालन किया जा रहा है।

माह	आयोजित सत्र			बच्चे			गर्भवती महिलायें		
	कुल आयोजनागत सत्रों की संख्या	उपलब्धि	प्रतिशत	0 से 02 वर्षतक के बच्चों की संख्या	उपलब्धि	प्रतिशत	गर्भवती महिलाओं की कुल संख्या	उपलब्धि	प्रतिशत
दिसम्बर, 2019	1523	1605	99.7	17289	13633	93	3596	3321	92
जनवरी, 2020	1106	1052	95.1	9066	8556	94	1304	1488	114
फरवरी, 2020	964	971	100.8	7845	7291	102	1029	1326	129
मार्च, 2020	822	821	99.9	6607	5985	91	971	1109	114

- मिशन इन्द्रधनुष अभियान के सातवे चरण को ''सघन मिशन इन्द्रधनुष 3.0'' (**Intensive Mission Indradhanush 3.0**) नाम दिया गया है।

भारत सरकार के निर्देशानुसार सघन मिशन इन्द्रधनुष 3.0 देश के उन चिन्हित राज्यों एवं जनपदों मे संचालित किया गया जहां पर पूर्ण टीकाकरण से अधिकांश बच्चे छूट रहे हैं। उत्तराखण्ड राज्य में 02 जनपदों का चयन इस अभियान के अन्तर्गत किया गया है।टीकाकरण से छूटने वाले बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं तक पंहुचने के लिए दिनांक 22 फरवरी, 2021 से आगामी 02 माह तक प्रत्येक माह के 07 कार्य दिवसों अर्थात मार्च, 2021 तक राज्य के 02 जनपदों में भारत सरकार द्वारा''सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान 3.0'' का संचालन किया जा रहा है।

माह	आयोजित सत्र			बच्चे			गर्भवती महिलायें		
	कुल आयोजनागत सत्रों की संख्या	उपलब्धि	प्रतिशत	0 से 02 वर्ष तक के बच्चों की संख्या	उपलब्धि	प्रतिशत	गर्भवती महिलाओं की कुल संख्या	उपलब्धि	प्रतिशत
फरवरी, 2021	38	39	102.63	199	206	103.52	39	42	107.69
मार्च, 2021	35	35	100.00	186	190	102.15	35	47	134.29

उत्तराखण्ड राज्य में वर्ष 2021–22 में 03 जनपदों (हरिद्वार, बागेश्वर एवं चम्पावत) का चयन मिशन इन्द्रधनुष'' हेतु तथा 01 जनपद (टिहरी) का चयन ''आजादी का अमृत महोत्सव'' अभियान के अन्तर्गत किया गया है। टीकाकरण से छूटने वाले बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं तक पंहुचने के लिए Intensified Mission Indradhanush (IMI) 4.0 का प्रथम चरण माह 07 फरवरी 2022, द्वितीय चरण 07 मार्च 2022 और तृतीय चरण 04 अप्रैल 2022 से माह के प्रथम

सोमवार से आगामी 07 कार्यदिवसों तक (may include Sundays, Holidays and RI days)आयोजित किया गया, जिसकी रिपोर्ट निम्नानुसार हैः–

माह	आयोजित सत्र			बच्चे			गर्भवती महिलायें		
	कुल आयोजनागत सत्रों की संख्या	उपलब्धि	प्रतिशत	0 से 02 वर्ष तक के बच्चों की कुल संख्या	उपलब्धि	प्रतिशत	गर्भवती महिलाओं की कुल संख्या	उपलब्धि	प्रतिशत
फरवरी, 2022	260	259	99.6	4161	4040	97	900	988	109.8
मार्च, 2022	276	277	100.36	5166	5112	98.95	908	1069	117.73
अप्रैल, 2022	241	243	100.83	4266	4220	98.92	667	733	109.9

नियमित प्रतिरक्षण कार्यक्रम में विगत तीन वर्षों की उपलब्धि

योजना/कार्यक्रम/मद का नाम	वर्ष 2018–19 के वास्तविक आंकडे			वर्ष 2019–20 के वास्तविक आंकडे			वर्ष 2020–21 के वास्तविक आंकडे			वर्ष 2021–22 के वास्तविक आंकडे		
	(मार्च, 2019) तक			(मार्च, 2020) तक			(मार्च, 2021) तक			(मार्च, 2022) तक		
	(source HMIS)			**(source HMIS)**			**(source HMIS)**			**(source HMIS)**		
	लक्ष्य **(source GOI)**	पूर्ति	%	लक्ष्य **(source GOI)**	पूर्ति	%	लक्ष्य **(source GOI)**	पूर्ति	%	लक्ष्य **(source GOI)**	पूर्ति	%
पोलियो	183008	174259	95.2	183008	171672	93.8	183008	136087	74.4	183008	166643	91
मिजिल्स	183008	183950	100.5	183008	176276	96.3	183008	136796	74.7	183008	175472	96
बी0सी0जी0	183008	185690	101.4	183008	178129	97.3	183008	128916	70.4	183008	175222	96
पैन्टावैलेन्टवैक्सीन	183008	177524	97.00	183008	172889	94.4	183008	125020	68.3	183008	166959	91.2
टी0टी0ए0एन0सी0	204393	177341	86.8	204393	166761	81.5	204393	121129	59.3	204393	192953	94.4

राष्ट्रीय पल्स पोलियो प्रतिरक्षण कार्यक्रम

राज्य में पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम वर्ष 1995 से भारत सरकार एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशा–निर्देशानुसार आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में 0–5 वर्ष तक के समस्त बच्चों को पोलियो की अतिरिक्त खुराक देकर लाभान्वित किया जाता है। राज्य में भारत सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस तथा संवेदनशील जनपदों/क्षेत्रों में समय–समय पर सब–राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस आयोजित किये जा रहे हैं।

पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस (NID) के रूप में सम्पूर्ण राज्य में दो बार आयोजित किया जाता है जिसमें एक दिन बूथ व छः दिन हाउस–टू–हाउस गतिविधियां आयोजित कर 0–5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो दवा की अतिरिक्त खुराक से लाभान्वित किया जाता है। इसके अतिरिक्त संवेदनशील जनपदों हरिद्वार, उधमसिंहनगर, नैनीताल (ओखलकांडा, बेतालघाट, पदमपुरी, कोटाबाग पर्वतीय क्षेत्र को छोडकर) एवं देहरादून (कालसी व चकराता विकास खण्ड को छोड़कर) तथा चम्पावत में टनकपुर एवं पौड़ी में कोटद्वार व लक्ष्मण–झूला क्षेत्र में सब–राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस (SNID) के रूप में एक दिन बूथ व छः दिन हाउस–टू–हाउस गतिविधियाँ चलाकर 0–5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो दवा की अतिरिक्त खुराक से लाभान्वित किया जाता है।

विगत वर्षों में राज्य को इस कार्यक्रम में अपेक्षित सफलता प्राप्त हुई है फल स्वरूप वर्ष 2010 से अब तक राज्य में कोई भी पोलियो केस नहीं पाया गया है और वर्ष 2014 में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा देश को पोलियो मुक्त घोषित किया जा चुका हैं। वर्ष 2016–2022 में अब तक आयोजित हुये राष्ट्रीय पल्स पोलियो दिवस विवरण निम्नानुसार है–

वर्ष 2016–17, 2017–18, 2018–19, 2019–20 एंव 2020–21 (सितम्बर, 2021 तक) पल्स पोलियो कार्यक्रम की उपलब्धि				
क्र0सं0	कार्यक्रम का दिनांक	लक्ष्य	उपलब्धि	प्रतिशत
1	29 मई, 2016 सब–राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस	1041632	1060653	101.8
2	25 सितम्बर, 2016 सब–राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस	1060653	1040166	98
3	29 जनवरी, 2017 राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस	1479373	1452302	98.1
4	02 अप्रैल, 2017 राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस	1452302	1472107	101.3
5	17 सितम्बर, 2017 सब–राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस	1005665	1020743	101.4
6	28 जनवरी, 2018 राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस	1461695	1437377	98.3
7	11 मार्च, 2018 राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस	1437377	1436332	99.9
8	5 अगस्त, 2018 सब–राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस	1031710	981396	95.1
9	18 नवम्बर, 2018 सब–राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस	1026631	1032953	100.6
10	10 मार्च, 2019 राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस	1436332	1409515	98.1
11	16 जून, 2019 सब–राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस	1032953	1017193	98.4
12	15 सितम्बर, 2019 सब–राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस	1017193	986716	97.0
13	19 जनवरी, 2020 राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस	1409515	1340764	95.1
14	20 सितम्बर, 2020 सब–राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस	976265	893810	91.6
15	01 नवम्बर, 2020 सब–राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस	893810	955217	106.9
16	31 जनवरी, 2021 राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस	1340764	1320964	98.5
17	27 जून, 2021 सब–राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दवस	955217	964234	100.9
18	26 सितम्बर, 2021 सब–राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस	964234	967887	100.4
16	27 फरवरी, 2022 राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस	1320964	1348250	102.06

राष्ट्रीय कुष्ठ उन्नमूलन कार्यक्रम

राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम एन0एच0एम0 के अन्तर्गत केन्द्र द्वारा संचालित कार्यक्रम है, जिसका मुख्य उद्देश्य कुष्ठ रोग की व्यापकता दर को 1/10,000 या 1 एक से कम प्रति 10,000 प्राप्त करना है। उत्तराखण्ड राज्य ने कुष्ठ रोग की व्यापकता दर 1 प्रति 10,000 से कम मार्च 2005 में प्राप्त कर लिया है। वर्ष 2021–22 में कुष्ठ रोग की व्यापकता दर 0.24/10,000 की जनसंख्या पर रही।

राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के उद्देश्य :

- कुष्ठ रोग की व्यापकता दर को प्रत्येक जनपद स्तर पर 1 से कम कुष्ठ रोगी प्रति 10000 की जनसंख्या पर प्राप्त करना।
- कुष्ठ प्रभावित व्यक्तियों हेतु डी0पी0एम0आर0 सेवाओं का सुदृढीकरण।
- समाज में कुष्ठ रोग के प्रति व्याप्त भ्रान्तियों में कमी लाना।

लक्ष्य एवं उपलब्धियां

- लक्ष्य : कुष्ठ रोग की व्यापकता दर को सभी जनपद स्तर पर 1 से कम प्रति 10000 की जनसंख्या पर प्राप्त करना ।
- उपलब्धि : सभी जनपद स्तरों पर कुष्ठ रोग की व्यापकता दर 1 से कम प्रति 10000 की जनसंख्या पर प्राप्त कर लिया है।
- लक्ष्य :कुष्ठ के नये खोजे गये रोगियों की दर (ए0एन0सी0डी0आर0) जनपद स्तर पर 10 केस से कम प्रति लाख की जनसंख्या पर प्राप्त करना ।
- उपलब्धि :कुष्ठ के नये खोजे गये रोगियों की दर सभी जनपद स्तर पर 10 केस से कम प्रति लाख की जनसंख्या पर प्राप्त कर लिया है।
- लक्ष्य : समाज में कुष्ठ रोग के प्रति व्याप्त भ्रान्तियों में कमी लाना।
- उपलब्धिःसभी जनपदों में व्यापक प्रचार प्रसार कराकर जनता में कुष्ठ के प्रति व्याप्त भ्रान्तियों को दूर किया जा रहा है।

राज्य में कुष्ठ रोगियों की भौतिक प्रगति वर्ष 2021–22

वर्ष	नये खोजे गये रोगियों की संख्या	रोगमुक्त रोगियों की संख्या	उपचार प्राप्त कर रहे रोगियों की संख्या	व्यापकता दर प्रति दस हजार की जनसंख्या पर
2021–22	291	265	273	0.24

भारत सरकार द्वारा निर्धारित उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिये राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्न कार्य किये जा रहे हैं–

- एम0डी0टी0 सेवाऐं–एम0डी0टी0 सेवा के अन्तर्गत सभी स्वास्थ्य इकाईयों पर कुष्ठ रोग की पहचान, निःशुल्क एम0डी0टी0 से पूर्ण उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाता है तथा जटिल एवं रिएक्शन वाले कुष्ठ रोगियों का समुचित उपचार प्रदान किया जाता है।

- आशाओं द्वारा सहयोग–वर्ष 2021–22 में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत आशाओं द्वारा निम्नानुसार सहयोग प्रदान किया गया–

  चिन्हित नये कुष्ठ रागियों की संख्या –84
  पूर्ण उपचारित रोगियों की संख्या –34

- डी0पी0एम0आर0 सेवायें(**Disability Prevention & Medical Rehabilitation)**

उत्तराखण्ड राज्य में वर्ष 2007–08 से राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत डी0पी0एम0आर0 कार्ययोजना चलायी जा रही है। जिसके अन्तर्गत निम्न तीन मुख्य बिन्दुओं पर कार्यवाही की जा रही है–

1. प्रथम–कुष्ठ से ग्रसित रोगी में विकलांगता न हो इसके लिये हमारे प्रयास यह रहते हैं कि कुष्ठ रोगी की समय से पहचान हो और समय से उपचार हो तथा प्रत्येक रियेक्शन रोगी का समय से पूर्ण आवश्यक उपचार हो जाये।

2. द्वितीय–जिन कुष्ठ रोगियों में विकलांगता हो गयी है उनमें विकलांगता और अधिक न हो इस हेतु उनके लिये प्रतिदिन **HOPE** को अपनाना अति आवश्यक है तथा स्वयं की देखभाल नित्यप्रति करायी जाती है। इस प्रक्रिया के लिये 'स्वंय की देखभाल समूह' (Self Care Group) का गठन किया गया है।

3. तृतीय–जिन कुष्ठ विकलांगों में विकलांगता शल्य क्रिया द्वारा ठीक किया जा सकता है उनमें शल्य क्रिया (RCS) द्वारा विकलांगता ठीक की जाती है।

मद	लक्ष्य	उपलब्धि
आश्रमों तथा स्वयं के घरों में वाले कुष्ठ से प्रभावित व्यक्यिों को सेल्फ केयर किट वितरित संख्या (किट की सामग्री जैसे – ड्रेसिंग मेटिरियल की आपूर्ति की गयी)	–	2384 वर्ष 2021–22
एम0सी0आर0 फुटवेयर	1394	1394 वर्ष 2021–22 में निःशुल्क वितरित किये गये।

प्रचार–प्रसार

राज्य में व्यापक प्रचार–प्रसार करके समाज को कुष्ठ रोग के बारे में विस्तृत जानकारी उपचलब्ध करायी जाती है, कुष्ठ से सम्बन्धित भ्रान्तियों को दूर किया जाता है, एवं सभी स्वास्थ्य इकाईयों पर निशुल्क एम0डी0टी0 की उपलब्धता के बारे में जानकारी दी जाती है। वर्ष 2021–22 में भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार पूर्व वर्षो की भांति राज्य में कुष्ठ जागरूकता अभियान को स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के रूप में दिनांक 30 जनवरी 2022 से 13 फरवरी 2022 तक 15 दिवसीय कुष्ठ पखवाडा चलाया गया। उक्त अभियान के अन्तर्गत देश भर में पंचायत/ग्राम सभाओं में बैठक का आयोजन कर कुष्ठ रोग के प्रति लोगों में व्याप्त भ्रान्तियों को दूर करने के लिये प्रचार प्रसार किया जाता है। दिनांक 30 जनवरी को पंचायत/ग्राम सभा की बैठकों में प्रमुख गतिविधियां निम्नानुसार की जाती है –

1. जिला मजिस्ट्रेट द्वारा घोषणा पत्र (डी0एम0/अन्य सीनीयर जिला अथवा ब्लॉक व्यवस्थापक अगर उपलब्ध या ग्राम सभा प्रमुख द्वारा पढा जायेगा)
2. ग्राम सभा प्रमुख द्वारा भाषण।
3. विविध प्रकार की प्रचार प्रसार गतिविधियां जैसे नुक्कड नाटक, निबंध लेखन, लोक मीडिया के माध्यम से कुंष्ठ रोग पर कविता, कविता वाचन, कठपुतली आदि या पंचायत द्वारा निश्चित किये गये अन्य प्रचार प्रसार सन्देश तथा एन0एल0ई0पी0 प्रतीक "सपना"द्वारा प्रचार प्रसार सन्देश।
4. कुष्ठ रोग पर प्रायः पूछे जाने वाले प्रश्न एवं उत्तर सत्र।
5. इच्छुक व्यक्ति (कुष्ठ रोग से प्रभावित, यदि उपलब्ध हो) द्वारा जनमानस को धन्यवाद।

इसके अतिरिक्त दिनांक 30 जनवरी से अगले पन्द्रह दिवस तक विभिन्न माध्यमों द्वारा पूर्व वर्षों की भान्ति कुष्ठ रोग के प्रति व्याप्त भ्रान्तियों को समाप्त करने के लिये निम्न सघन प्रचार प्रसार द्वारा स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान (एस0एल0ए0सी0) पखवाडा मनाया जाता है।

मास मिडिया – समाज में कुष्ठ के प्रति व्याप्त भ्रान्तियों को दूर करने एवं कुष्ठ संबधी जानकारी को व्यापक स्तर पर जनता के बीच पहुंचाने हेतु सभी जनपदों में टेलीविजन विज्ञापन तथा अखबार में जानकारी दी जाती है। इसके अलावा पोस्टर्स, बैनर्स, एवं लीफलेट्स छपवाकर इन्हे ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में कुष्ठ के प्रति जनजागरूकता हेतु प्रदर्शित किया जाता है।

स्कूल रैली –स्कूली बच्चों द्वारा रैलीयों में समाज में कुष्ठ का सन्देश दिया जाता है ।

स्कूल क्वीज –ग्रामिण तथा शहरी क्षेत्रों के स्कूलो में छात्रों को कुष्ठ सम्बधित जानकारी दी जाती है तथा इसके पश्चात कुष्ठ के सम्बन्ध में प्रायः पूछे जाने प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया जाता है तथा जीतने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया जाता है।

फोक शोज–नुक्कण नाटक का आयोजन कर समाज में कुष्ठ सम्बन्धित जानकारी दी जाती है।

आई0पी0सी0 बैठक–ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में लोगों को एकत्र कर कुष्ठ सम्बन्धित जानकारी दी जाती है।

एडवोकेसी बैठक –ब्लॉक स्तर पर डी0एम0/अन्य सीनीयर जिला अथवा ब्लॉक व्यवस्थापक की अध्यक्षता में कुष्ठ बैठक का आयोजन कर कुष्ठ के प्रति जानकारी दी जाती है।

राष्ट्रीय दृष्टिविहीनता नियंत्रण कार्यक्रम एवं विजुअल इम्पयरमेंट उत्तराखण्ड**(NPCB &VI)**

राष्ट्रीय दृष्टिविहीनता नियंत्रण कार्यक्रम वर्ष 1976 में भारत सरकार द्वारा शत् प्रतिशत केन्द्र पोषित योजना के अंतर्गत शुरू किया गया था। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य तत् समय देश में व्याप्त दृष्टिविहीनता की दर को वर्ष 2020 तक 1.4% से 0.3% करना था। दृष्टिविहीनता के मुख्य कारणों में मोतियाबिन्द (62.6%), दृष्टिदोष (19.7%), तथा अन्य रोग (18%) हैं। भारत सरकार द्वारा दिनांक 17/04/17 से राष्ट्रीय दृष्टिविहीनता नियंत्रण कार्यक्रम (NPCB)का नाम बदल कर राष्ट्रीय दृष्टिविहीनता नियंत्रण कार्यक्रम एवं विजुअल इम्पेयरमेन्ट कार्यक्रम (NPCB & VI) कर दिया गया है।

Eye Bank:

- हिमालय इन्स्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, देहरादून (एच0आई0एच0टी0) एवं अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान, ऋषिकेश में आई बैंक क्रियाशील है।
- डा0 सुशीला तिवारी राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी नैनीताल में नेत्र बैक की स्थापना की गयी है, इससे कुमाऊ मण्डल में भी नेत्रदान एवं अन्य नेत्र रोगों के निदान में गति मिलेगी।

Eye Donation Centre:

हिमालय इन्स्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, देहरादून (एच0आई0एच0टी0), निर्मल आश्रम नेत्र संस्थान, ऋषिकेश, श्री गुरूरामराय इन्स्टीटयूट ऑफ मेडिकल एण्ड हैल्थ साईंस, श्री महंत इन्दिरेश हॉस्पिटल, देहरादून तथा अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान, ऋषिकेश में Eye Donation Center क्रियाशील है।

Cornea Transplant Centre:

(1) हिमालय इन्स्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, देहरादून (एच0आई0एच0टी0) (2) निर्मल आश्रम नेत्र संस्थान, ऋषिकेश (3) श्री महंत इन्दिरेश हॉस्पिटल, देहरादून (4) अमृतसर आई क्लीनिक, देहरादून (5) नवज्योति नेत्र चिकित्सालय देहरादून (6) दून आई केयर सेंटर, देहरादून (7) हंस फाउन्डेशन हरिद्वार तथा (8) अग्रवाल नेत्रालय, देहरादून (9) अभिलाशा आई हॉस्पिटल रूड़की हरिद्वार (10) दृष्टि आई इन्स्टीट्यूट सुभाष रोड देहरादून (11) अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान, ऋषिकेश में कार्निया प्रत्यारोपण किया जाता है। इस प्रकार उत्तराखण्ड राज्य में कुल 11 संस्थान कॉर्निया प्रत्यारोपण कर रहे हैं।

Other activities:

- राष्ट्रीय दृष्टिविहीनता नियंत्रण कार्यक्रम एवं विजुअल इम्पेयरमेन्ट के अंतर्गत नेत्रदान के प्रति जागरूकता लाने एवं जनसाधारण को विभिन्न नेत्र रोगों के बारे में जानकारी देने एवं समय पर उपचार हेतु भारत सरकार द्वारा हर वर्ष तीन बडे अभियान चलाये जाते हैं– (1) नेत्र दान पखवाड़ा (2) वर्ल्ड ग्लूकोमा वीक (3) वर्ल्ड साइट डे।
- राष्ट्रीय दृष्टिविहीनता नियंत्रण कार्यक्रम एवं विजुअल इम्पेयरमेन्ट के अंतर्गत समस्त प्रकार की सुविधाओं की जानकारी हेतु स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, डाण्डा लखौण्ड, पो0 गुजराडा, सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून, उत्तराखण्ड में स्थित समेकित (Inegrated) हेल्पलाइन–104 उपलब्ध है।

Future Plannings:

- राज्य के समस्त जनपदों में Eye OT का सुदृढीकरण का कार्य किया जा रहा है।
- पं0 दीन दयाल उपाध्याय राजकीय संयुक्त चिकित्सालय, देहरादून एवं हरमिलाप जिला चिकित्सालय, हरिद्वार में Eye Donation Centre की स्थापना का कार्य प्रक्रियाधीन है।

Physical Progress Report:

वित्तीय वर्ष 2021–22:

– कैटरेक्ट आपरेशन –44193

– स्कूल छात्रों को निःशुल्क चश्मों का वितरण –4318

– वृद्ध लागों को निःशुल्क चश्मों का वितरण –4446

–Eyeball Collection –203

– Keratoplasty –111

राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम

(National Vector Borne Disease Control programme)

राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम एक केन्द्रीय पोषित कार्यक्रम है जिसके अन्तर्गत वैक्टर जनित रोगों क्रमशः मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, जापानीज इन्सेफ्लाइटिस, कालाजार एवं फाइलेरिया के रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु कार्यवाही की जाती है।

➢ वैक्टर जनित रोगों की रोकथाम हेतु राज्य में संचालित गतिविधियां :–

1. मलेरियाकी रोकथाम एवं उपचार

- भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य Annual parasite Incidence (API)less than 1 per 1000 population के सापेक्ष वर्ष 2021 में राज्य का Annual parasite Incidence (API) 0.0012 रहा एवं कुल मलेरिया धनात्मक केसों की संख्या वर्ष 2019 में 296के सापेक्ष वर्ष 2021 में 13 है।
- बुखार से पीडित मरीजों की रक्त पट्टिका बना कर मलेरिया जांच की जाती है जिससे सभी मलेरिया रोगियों का समय से पहचान एवं उपचार हो सके इस हेतु आशाओं को भी रक्त पट्टिका बनाने हेतु प्रशिक्षित किया जाता है। Microscopic Slide Testingकी सुविधा राज्य में पी0एच0सी0 स्तर तक उपलब्ध है। दुर्गम क्षेत्रों व आपात कालीन स्थिति में Rapid Diagnostickit द्वारा मलेरिया जांच की जाती है।
- मलेरिया रोगियों के उपचार हेतु औषधियां समस्त जिला चिकित्सालयों, सी0एच0सी0/पी0एच0सी0 एवं उप केन्द्र स्तर तक उपलब्ध है।
- मलेरिया रोग के समुचित नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु विभिन्न तकनीकी एवं प्रशासनिक कार्यवाही हेतु दिनांक 24 सितम्बर 2021 को मलेरिया रोग को Notifiable Diseaseघोषित करने की अधिसूचना जारी की गई।
- मलेरिया उन्मूलन के दृष्टिगत भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य Annual parasite Incidence (API)के आधार पर उप केन्द्र /ग्रामीण स्तर तकStratification किया गया है।
- मलेरिया केस की रिपोर्टिंग एव लाइन लिस्ट नियमित मासिक रूप से की जा रही है ताकि Case Based Surveillanceकिया जा सके तथा मच्छरों को पनपने से रोकथाम के लिए Larvicide/insecticideका प्रयोग किया जाता है।
- हर वर्ष राज्य के तीन संवेदनशील जनपदों– हरिद्वार, नैनीताल एवं ऊधमसिंह नगर में मच्छरों की रोकथाम के लिये डी0डी0टी0 50%का स्प्रे दो चरणों में (मानसून के पहले एवं मानसून के पश्चात) किया जाता है।
- जागरूकता हेतु सघन प्रचार–प्रसार, संचेतना कार्यशाला का आयोजन, अर्न्तविभागीय बैठकों का आयोजन तथा जनपदों में विशेष कैम्प आयोजित कर रक्त पट्टिकाओं का एकत्रीकरण/परीक्षण एवं धनात्मक केसों का उपचार कर क्षेत्रों में लोगों को मलेरिया सम्बन्धित विस्तृत जानकारी दी जाती है।

2. डेंगू की रोकथाम एवं उपचार

- डेंगू रोग संक्रमित एडीज मादा मच्छर के काटने से फैलता है।

- राज्य स्तर Is समस्त जनपदों को समय से डेंगू रोग निवारण/कार्यवाही करने विषयक दिशा निर्देश निर्गत किये जाते हैं।
- डेंगू के समुचित नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु विभिन्न तकनीकी एवं प्रशासनिक कार्यवाही हेतु दिनांक 24 सितम्बर 2021 को डेंगू रोग को Notifiable Diseaseघोषित करने की अधिसूचना जारी की गई।
- समस्त जनपदों में डेंगू के प्रभावकारी रोकथाम एवं नियन्त्रण हेतु Dengue Micro Action Plan बनाकर इसके अनुरुप नियमित रुप से निरोधात्मक/उपचारात्मक गतिविधियॉ क्रियान्वित की जाती है।
- डेंगू रोग की जांच ELISA (Micro plate titre) द्वारा की जाती है ।
- राज्य में डेंगू रोग की जांच हेतु 15 निःशुल्क जांच केन्द्र कार्यशील है इसके अतिरिक्त वर्ष 2021 समस्त जनपदों में डेंगू की निःशुल्क जांच हेतु एलाइजा मशीन एवं जाच किट उपलब्ध है।
- डेंगू रोगियों के लिए जिला /बेस चिकित्सालयों में पृथक डेंगू रोधी मच्छरदानियॉ (LLIN) युक्त आईसोलेशन वॉर्ड बनाये जाते हैं व आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाती है।
- सभी डेंगू मरीजों को भारत सरकार कीNational Guidelines for Clinical Management of Dengue feverके अनुसार उपचार प्रदान किया जाता है।
- डेंगू रोकथाम के लिए आशाओं एवं नगर निगम की टीम बनाकर बृहद् पैमाने पर क्षेत्र में घर घर जाकर Source Reductionगतिविधि कराई जाती है।
- जनमानस को डेंगू के प्रभावकारी रोकथाम/नियंत्रण हेतुजन मानस की भागीदारी के महत्व को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न माध्यमों जैसे समाचार पत्रों, विडियो स्पाट, Railway Stationके LED Displayव SMS push messageद्वारा आम जन को डेंगू के लिए जागरूक किया जाता है।
- जनमानस को डेंगू के उपचार के सम्बन्ध में जागरूकता एवं अधिक जानकारी के लिये स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय देहरादून राज्य मुख्यालय पर नियंत्रण कक्ष(Integrated Helpline) स्थापित है जिसका टोल फ्री नं० 104 है।
- एडीज मच्छर की प्रवृति के दृष्टिगत डेंगू, के संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण में स्वास्थ्य विभाग के साथ अन्य विभागों की भी भागीदारी के दृष्टिगत अन्तर्विभागीय बैठकों का आयोजन किया जाता है।

3. चिकनगुनिया की रोकथाम एवं उपचार

- चिकनगुनिया भी संक्रमित एडीज मादा मच्छर के काटने से फैलता है।
- डेंगू की भांति चिकनगुनिया की रोकथाम के लिए आशाओं एवं नगर निगम की टीम बनाकर बृहद् पैमाने पर क्षेत्र में घर घर जाकर Source Reductionगतिविधि कराई जाती है।

4 जापानीज एन्सेफलाईटिसकी रोकथाम एवं उपचार

- प्रत्येक संदिग्ध और धनात्मक पाये गये केसों के क्षेत्रो मे सघन फीवर सर्वे किया जाता है। उत्तराखण्ड राज्य में स्थिति नियंत्रण में है।

- राज्य में दोसेन्टिनल हास्पिटल –जिला चिकित्सालय ऊधमसिंहनगर व राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी नैनीताल कार्यशील है जहॉ पर ELISA test की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध है।
- जापानीज एन्सेफलाईटिस नियंत्रण के अर्न्तगत संवेदनशील जनपद उधमसिंह नगर में जापानीज एन्सेफलाईटिस का टीकाकरण Routine Immunisation के साथ सम्मिलित कर दिया गया है। जनपद नैनीताल के तीन ब्लाक (रामनगर कोटाबाग, हल्द्वानी) में जे0ई0 टीकाकरण का अनुमोदन भारत सरकार द्वारा दिया जा चुका है।

5. कालाजार की रोकथाम एवं उपचार

- राज्य में काला जार के कुछ ही sporadic cases (Imported) रिर्पोट हुएहैं ।
- एक भी धनात्मक केस मिलने पर लगभग 20 घरों की परिधि में (Sand Fly Flight Range 100 metres)technical malathionद्वारा Focal Sprayकिया जाता है।
- राज्य एवं जनपद स्तरीय रैपिड रिस्पान्स टीम द्वारा सघन फीवर सर्विलेन्स आदि गतिविधियॉ की जाती है।
- विभिन्न माध्यमों के द्वारा स्वास्थ्य सम्बन्धित एवं साफ–सफाई आदि में विशेष ध्यान देने हेतु प्रचार प्रसार किया जाता है।

6. राज्य में फाईलेरिया का अभी तक एक भी केस रिर्पोट नहीं हुआ है।

राज्य में वैक्टर जनित रोगों के गत् 04 वर्षों की स्थिति

Year	Malaria		Dengue		JE		Kala-Azar		Chikungunya
	Cases	Deaths	Cases	Deaths	Cases	Deaths	Cases	Deaths	Cases
2017	508 (13 Pf)	00	849	00	00	00	2	00	00
2018	409 (13 Pf)	00	591	02	22	01	0	0	11
2019	296 (6 Pf)	00	10622	8	9	0	0	0	0
2020	15 (0Pf)	00	76	01	04	2	0	0	0
2021	13	0	738	02	01	0	0	0	1

राष्ट्रीय क्षःय उन्मूलन कार्यक्रम

- राष्ट्रीय क्षःय उन्मूलन कार्यक्रम का उद्देश्य क्षःय रोगियों को रोग मुक्त करना।
- भारत सरकार द्वारा क्षःय मुक्त भारत हेतु लक्ष्य –वर्ष 2025
- कार्यक्रम के अर्न्तगत क्षःय रोग की जाँच, उपचार एवं औषधि निःशुल्क उपलब्ध।
- सभी क्षःय रोगियों को पोषाहार हेतु उपचार अवधि तक रू0 500/–प्रतिमाह।
- निजी चिकित्सकों को क्षःय रोगी के चिन्हीकरण पर रू0 1000/–प्रोत्साहन राशि।
- राज्य में 13 जिला क्षःय नियन्त्रण केन्द्र (जनपद स्तर), 95 टी0बी0 यूनिट (ब्लाक स्तर) एवं 154 बलगम जाँच केन्द्र उपलब्ध।
- डी0आर0टी0बी0 रोगियों के उपचार हेतु हिमालयन इन्स्टीट्यूट मेडीकल कॉलेज, जौलीग्रान्ट, देहरादून एवं राजकीय मेडीकल कॉलेज, हल्द्वानी में डी0आर0टी0बी0 साइट क्रियाशील।

National Tuberculosis EliminationProgramme Uttarakhand

Financial Status 5 Years

Sl.No	FY	Budget Approved as per ROP	Expenditure during the period	Closing Balance	% Expenditure
1	2017-18	850.46	652.72	197.74	77%
2	2018-19	1466.18	886.46	579.72	60%
3	2019-20	1889.24	1112.19	777.05	59%
4	2020-21	1835.66	1180.86	654.80	64%
5	2021-22	2160.22	1028.45	1131.77	48%

NTEP:- Physical Progress Report (Year 2021)

District	Annual Target for 2021			Achievement in 2021			% achievement		
	Public Sector	Private Sector	Total	Public Sector	Private Sector	Total	Public sector	Private sector	Total
Almora	1440	160	1600	606	58	664	42%	36%	42%
Bageshwar	450	50	500	223	71	294	50%	142%	59%
Chamoli	720	80	800	459	4	463	64%	5%	58%
Champawat	450	50	500	207	25	232	46%	50%	46%
Dehradun	4260	2840	7100	4576	1260	5836	107%	44%	82%
Pauri	1140	760	1900	1033	143	1176	91%	19%	62%
Hardwar	4320	2880	7200	3446	1668	5114	80%	58%	71%
Nainital	2580	1720	4300	2256	1263	3519	87%	73%	82%
Pithoragarh	810	90	900	445	29	474	55%	32%	53%
Rudraprayag	720	80	800	277	22	299	38%	28%	37%
Tehri	990	110	1100	470	0	470	47%	0%	43%
U.S. Nagar	2700	1800	4500	2702	1050	3752	100%	58%	83%
Uttarkashi	720	80	800	656	0	656	91%	0%	82%
Total	**21300**	**10700**	**32000**	**17356**	**5593**	**22949**	**81%**	**52%**	**72%**

NTEP:- Physical Progress Report (Year 2020)

District	Annual Target for 2020			Achievement in 2020			% achievement		
	Public Sector	Private Sector	Total	Public Sector	Private Sector	Total	Public sector	Private sector	Total
Almora	1770	200	1970	498	25	523	28%	13%	27%
Bageshwar	740	80	820	271	72	343	37%	90%	42%
Chamoli	1110	120	1230	293	2	295	26%	2%	24%
Champawat	740	80	820	187	0	187	25%	0%	23%
Dehradun	2690	2690	5380	3774	1528	5302	140%	57%	99%
Pauri	1300	870	2170	1020	99	1119	78%	11%	52%
Hardwar	3050	3050	6100	2396	2105	4501	79%	69%	74%
Nainital	1510	1510	3020	1873	1050	2923	124%	70%	97%
Pithoragarh	1380	150	1530	342	15	357	25%	10%	23%
Rudraprayag	670	80	750	245	32	277	37%	40%	37%
Tehri	1760	190	1950	387	0	387	22%	0%	20%
U.S.Nagar	2610	2610	5220	2452	850	3302	94%	33%	63%
Uttarkashi	940	100	1040	531	0	531	56%	0%	51%
Total	**20270**	**11730**	**32000**	**14269**	**5778**	**20047**	**70%**	**49%**	**63%**

उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति

विभाग के कार्यकलापों की संक्षिप्त टिप्पणी–

- कार्यक्रम विवरण/कार्य सम्पादन–यह स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय– नाको, भारत सरकार द्वारा National AIDS & STD Control Programme as a Central Sector Scheme के अनतर्गत भारत सरकार से शत् प्रतिशत (100%) वित्त पोषित/स्वीकृत कार्यक्रम है। प्रदेश में इसका संचालन स्वास्थ्य एवं प0क0 मंत्रालय–नाको, भारत सरकार के निर्देशानुसार राज्य सरकार द्वारा गठित ''उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति'' द्वारा ''सोसायटी मोड (परियोजना प्रणाली)'' के अन्तर्गत किया जाता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदेश में एच0आई0वी0/एड्स की रोकथाम एवं नियंत्रण करना है। इसके अन्तर्गत यौन जनित रोगों का उपचार एवं सम्पूर्ण उत्तराखण्ड में सुरक्षित एवं उच्च गुणवत्तायुक्त रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित कराना, आर0टी0आई0, एस0टी0आई0 व एच0आई0वी0/एड्स की रोकथाम हेतु कण्डोम उपलब्ध कराना, एचआईवी/एड्स के प्रति आम जनमानस में जागरुकता बढ़ाने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार करना तथा एच0आई0वी0/एड्स से संक्रमित/पीड़ित व्यक्तियों को चिकित्सा उपचार आदि की सुविधा उपलब्ध कराना है।

• विभाग द्वारा संचालित योजनायें/कार्यक्रमों का विवरण–

टारगेटेड इन्टरवेन्शन कार्यक्रम –उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति एच0आई0वी0/एड्स के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए सशक्त रूप से संघर्षरत है। लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना के अन्तर्गत उच्च जोखिम समूहों के मध्य कार्य किया जा रहा है जहां संक्रमण की अधिक संवेदनशीलता है। उच्च जोखिम समूहों को ''कोर ग्रुप'' एवं 'ब्रिज पोपुलेशन' में विभाजित किया गया है। 'कोर ग्रुप' के अन्तर्गत महिला यौनकर्मी, इन्जेक्टिंग ड्रग यूजर्स, समलिंगी (एम.एस.एम.) एवं ब्रिज पापुलेशन के अन्तर्गत ट्रक ड्राईवर एवं माइग्रेंट्स के मध्य कार्यक्रम क्रियान्वित किया जाता है। नाको, भारत सरकार के दिशानिर्देशानुसार वर्तमान में 27 गैर सरकारी संगठनो ;छळवेद्ध के माध्यम से लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजनाएं संचालित किया जा रहा है।

प्रचार–प्रचार **(IEC Awareness & Main Streaming)**. राष्ट्रीय एड्स नियन्त्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत एच0आई0वी/एड्स के नियन्त्रण, रोकथाम एवं जागरूकता के लिए सूचना, शिक्षा एवं संचार (आई0ई0सी0) की अहम भूमिका है। इसका लक्ष्य कलंक एवं भेदभाव को कम करना तथा यूसैक्स द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाना है। एच0आई0वी0/एड्स की रोकथाम एवं नियन्त्रण हेतु व्यापक प्रचार–प्रसार करने हेतु प्रिन्ट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, होर्डिंग, फोक मीडिया के सहयोग से किया जा रहा है।

आई.सी.टी.सी. **(Integrated Counseling & Testing Center)**– एच.आईवी./एड्स संक्रमण का पता, केवल रक्त की जांच से ही हो सकता है। परामर्श (काउन्सलिंग) सहायक प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से एच.आई.वी./एड्स के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण एवं उद्देश्यपूर्वक जानकारी प्रदान की जाती है तथा परामर्श द्वारा ही किसी संक्रमित व्यक्ति को जीवन निर्वाह के लिए सकारात्मक प्रवृत्ति अपनाने एवं भविष्य में एच.आई.वी./एड्स से बचने के उपाय जैसे कण्डोम का प्रयोग, नयी सुईयो का प्रयोग एवं प्रचार–प्रसार सामग्री द्वारा इस विषय में पूर्ण शिक्षा प्रदान की जाती है। वर्तमान में राज्य में 146 एच.आई.वी. जांच केन्द्र (SA-49, Mobile-1, F-ICTC-96) स्थापित हैं। जहां जनसाधारण को निःशुल्क एच.आई.वी/एड्स से अवगत कराने एवं बचाव के उपायों की जानकारी के साथ–साथ एच.आई.वी. जांच की सुविधा प्रदान की जाती है।

डी.एस.आर.सी. (डीजिग्नेटेड एस.टी.आई./आर.टी.आई. सर्विसेज)/यौन जनित संक्रमण/प्रजनन तंत्र संक्रमण की रोकथाम–यौन जनित संक्रमण/प्रजनन तंत्र संक्रमण (एस0टी0आई/आर0टी0आई0) भारत में एक प्रमुख जन

स्वास्थ्य समस्या है। विभिन्न सर्वेक्षणों में पाया गया है कि सामान्यतः वयस्क व्यक्तियों में 6 प्रतिशत व्यक्ति यौन जनित संक्रमण से प्रभावित होने संभावित हैं। राष्ट्रीय एड्स नियन्त्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत एस0टी0आई0/आर0टी0आई0 की रोकथाम एवं उपचार का प्राविधान, एच0आई0वी0 के संक्रमण के फैलाव को रोकने तथा लैंगिक एवं प्रजनन स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करने की एक महत्वपूर्ण योजना है। एस0टी0आई0/आर0टी0आई0 की रोकथाम एवं उपचार के अन्तर्गत लक्षणों एवं जांच के आधार पर उपचार प्रदान किया जाता है तथा नाको, भारत सरकार के गाइडलाइन के अनुसार ही औषधि प्रदान की जाती है। एस0टी0आई0/आर0टी0आई0 की रोकथाम एवं उपचार हेतु सेवायें, जिला स्तर के चिकित्सालयों एवं कुछ चयनित अन्य चिकित्सालयों में नाको द्वारा राज्य एड्स नियन्त्रण समिति की ओर से प्रदान की जाती है, जिन्हें (Designated STI/RTI Clinic-DSRC) अथवा सुरक्षा क्लिनिक के नाम से जाना जाता है। नाको, भारत सरकार द्वारा प्रत्येक सुरक्षा क्लिनिक में एक परामर्शदाता की तैनाती की गयी है जहां निःशुल्क परामर्श, सिफलिस की जाँच एवं उपचार सुविधा प्रदान की जाती है। साथ ही एच.आई.वी. की जांच हेतु आई0सी0टी0सी0 को सन्दर्भित किया जाता है। वर्तमान में राज्य में कुल 29 सुरक्षा क्लीनिक स्थापित हैं।

रक्त सुरक्षा कार्यक्रम – रक्त सुरक्षा कार्यक्रम राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम का एक अभिन्न अंग है। असुरक्षित रक्त एवं रक्त उत्पादों का एच0आई0वी0 संक्रमण में 1.0 प्रतिशत योगदान है। रक्त के द्वारा एच0आई0वी0 संक्रमण की 100 प्रतिशत संभावना रहती है। इसलिए राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम में सुरक्षित रक्त एवं रक्त उत्पादों के प्राविधान को वरीयता दी गयी है। रक्त एवं रक्त उत्पादों के बेहतर प्रबन्ध हेतु एक राष्ट्रीय रक्तनीति बनायी गयी है, जिसके अनुसार राज्य रक्त संचरण परिषद्, राज्य में कार्य करता है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत रक्तकोषों का सुदृढ़ीकरण एवं स्वैच्छिक रक्तदान कार्यक्रम को बढ़ावा दिया जाता है। राज्य में सुरक्षित एवं रोगमुक्त रक्त की उपलब्धता हेतु स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिस हेतु राज्य के समस्त जिलों में समय–समय पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता है। प्रदेश में 46 रक्तकोष (सरकारी/निजी/चैरिटेबल) कार्यशील है।

केयर सपोर्ट एण्ड ट्रीटमेन्ट (एच.आई.वी./एड्स के साथ जी रहे लोगों के लिए देखभाल, सहायता एवं चिकित्सा उपचार)– ए.आर.टी. सेन्टर (एंटी रेट्रो वायरल थैरपी केन्द्र) की स्थापना कर एंटी रेट्रो वायरल (ए.आर.टी) उपचार की सुविधा प्रदान की जा रही है। उक्त संस्थान में एच0आई0वी0 संक्रमित व्यक्तियों को नियमानुसार एंटी रेट्रो वायरल दवाएं निःशुल्क प्रदान की जा रही हैं। एच0आई0वी0 के विषाणु संक्रमित व्यक्ति के रक्त में मल्टीप्लाई होते रहते हैं। विषाणु रक्त में सीडी–4 कोशिकाओं को नष्ट कर डालते है। एंटी रेट्रो वायरल दवाएं लेने से रोगी की आयु तो बढ़ जाती है, लेकिन उसे रोग मुक्त नहीं किया जा सकता। प्रदेश में 07 ए.आर.टी. केन्द्र तथा 15 लिंक ए.आर.टी. सेन्टर स्थापित व कार्यशील है।

विभाग में किये गये सुधारात्मक कार्य तथा नीतिगत पहल –

- गर्भवती महिला की एच0आई0वी0 जांच सुविधा, संक्रमित व्यक्तियों को निःशुल्क उपचार प्रदान करना।
- रक्तदान को बढावा देना एवं स्वैच्छिक रक्तदान हेतु प्ररित करना।
- एच0आई0वी0/एड्स के साथ जीवन यापन कर रहे लोगो के साथ भेदभाव न हो इसके लिए प्रयास करना।

Fund/Expenditure Position 2021-22 (Up to 31 March 2022)							
